www.sutrakarsamachar.com
सब्सक्राइब करें

वर्ष : 60, अंक : 164
रांची, सोमवार
17 जून 2024
पेज -08, मूल्य : 3 रुपया
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादमी
विक्रम संवत, 2081

सच का पैरोकार
# सूत्रकार

DL No.30/2022
रांची व कोलकाता से प्रकाशित




7000 रन पूरा करने वाली स्मृति मंधाना दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की बड़ी सौगात

# झारखंड में अब 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली

## 25 लाख नए राशन कार्ड बनाए जाएंगे

**सरायकेला, सूत्रकार**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रविवार को अपने गृह जिला सरायकेला अंतर्गत राजनगर प्रखंड के शहीद ग्राम मतकमबेड़ा पहुंचकर 202 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यवासियों को अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलेगी, साथ ही बिजली से संबंधित सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन भी त्वरित गति से किया जाएगा।

सीएम चंपाई सोरेन ने इस मौके पर लोगों को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि झारखंड के लोगों का सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए 25 लाख लोगों को नए राशन कार्ड से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य सरकार लोगों को सरकारी अस्पतालों में और बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करने जा रही है।



इस मौके पर सीएम चंपाई सोरेन ने मरीज के स्वास्थ्य जांच के लिए 'डीजी एप' की लॉन्चिंग की। इस ऐप के जरिए मरीजों के विभिन्न प्रकार की जांच रिपोर्ट उनके मोबाइल में मिल पाएगा, उन्हें अस्पतालों का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई महीना से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का पुनः शुभारंभ किया जा रहा है। इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को उनके दरवाजे पर पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का लाभ देने का उद्देश्य रखा गया है। इससे अधिक से अधिक मामले ऑन द स्पॉट निपटाए जाएंगे ताकि लोगों को सरकारी सभी सुविधाओं का लाभ तुरंत मिल सके।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है। साथ ही अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ने के लिए प्रखंड संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं में बिचौलिए हावी होते हैं पर अगर ऐसी स्थिति रहेगी तो संबंधित विभाग के पदाधिकारी पर तुरंत कार्रवाई किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में योजनाओं में बिचौलियों को हावी नहीं होने दिया जाए, सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचाई जाए।

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि राजनगर के शाहिद ग्राम मतकमबेड़ा को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसमें सरकार द्वारा सभी प्रकार के आधारभूत संरचनाओं को डेवलप करते हुए अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएगी।

इस कार्यक्रम में मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि 30 जून तक राज्य में क्षेत्रीय भाषाओं के विकास के लिए घंटी आधारित शिक्षकों की बहाली भी प्रारंभ होने वाली है। जिस्के लिए 30 जून के बाद आवेदन लिए जाएंगे। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि झारखंड में श्रम विभाग द्वारा 20 हजार नई वैकेंसी निकल जा रही है। जिसमें अधिक से अधिक युवओं को जोड़ते हुए रोजगार प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।

### जमशेदपुर में सीएम चंपाई सोरेन का बड़ा एलान

# प्रदेश में सितंबर तक 40 हजार नियुक्तियां करेंगे

**जमशेदपुर, सूत्रकार**

जमशेदपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम चंपाई ने बड़ा बयान दिया और कहा कि राज्य में सितंबर महीने तक 40000 नियुक्तियां करेंगे। कहा ये नियुक्तियां पुलिस और अन्य विभागों में होंगी। सीएम ने आगे कहा कि हेमंत सोरेन और इंडिया गठबंधन की चुनी हुई सरकार को बीजेपी ने साजिश के तहत गिराने की कोशिश की। कहा, इसमें तो वे कामयाब नहीं हो पाये लेकिन हेमंत सोरेन को जेल भेजने में कामयाब हो गये। जनता ने इसका जवाब उनको लोकसभा चुनाव में दिया है। सीएम ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक चुनी हुई सरकार को इन्होंने कभी स्थिर नहीं होने दिया। लेकिन विषम परिस्थितियों में भी हमने सभी वर्ग और समाज के लिए काम किया। चाहे वो आदिवासी हो या दलित। पिछड़ा वर्ग से हो या मूलवासी। हमारी सरकार ने सभी का विकास किया और कर रही है।

**गठबंधन सरकार की उपलब्धियां बताई**

सीएम ने आगे कहा कि हमने जंगल के बीच रहने वाले आदिवासी और मूलवासियों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम किया। इसी के लिए सरकार आपके द्वार योजना की शुरूआत की गयी। कहा कि आम चुनाव के बाद हम फिर से योजना को शुरू करने जा रहे हैं। ये हमारी गठबंधन सरकार की सोच है। कहा, आम चुनाव के बाद हमने सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम से योजनाओं की नई शुरूआत की है। परिसंपत्तियों का वितरण किया है। इसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। सीएम ने कहा कि बीजेपी ने अलग राज्य बनने के बाद सबसे अधिक समय तक यहां राज किया, लेकिन उन्होंने यहां की आदिवासी पहचान और परंपरा को मिटाने का ही काम किया।

**बीजेपी पर लगाये ये आरोप**

सीएम ने आगे कहा कि बीजेपी की डबल इंजन की सरकार के समय यहां के कई लोगों के राशन कार्ड निरस्त कर दिये गये। लेकिन गठबंधन की सरकार ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड देने का काम किया। कहा ये अंतर है। हमने हर क्षेत्र में काम किया। युवा, महिला, किसान और छात्र। कोई भी वर्ग हमसे अछूता नहीं रहा। सीएम ने कहा कि यहां कि निवासियों के लिए हमने निजी कंपनियों में भी 50 फीसदी आरक्षण लागू करने का काम किया। अब इस नियम को और कड़ाई से लागू करने के लिए हम अभियान चलाने जा रहे हैं। सीएम चंपाई ने आगे कहा कि हमने आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की राशि को तीन गुना बढ़ा दिया है। छात्रों को पढ़ने के लिए विदेश भेजा।

**मॉडल स्कूल योजना का जिक्र किया**

सीएम ने कहा कि बीजेपी के शासन काल में ग्रामीण इलाकों के कई स्कूलों को बंद कर दिया गया। लेकिन हमने हर प्रखंड में मॉडल स्कूल बनाने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। कहा छात्रों की मदद के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की। कहा हम बेरोजगार युवओं को 25 लाख रुपये तक का लोन दे रहे हैं। ताकि हमारे प्रदेश के युवा व्यवसाय के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सके। कहा कि 25 लाख में 40 फीसदी की सब्सिडी की घोषणा सरकार की ओर से की गयी है। युवा वर्ग इस योजना का लाभ उठायें।

**न्यूज फ्लैश**

## आज से मिलेगी हीट वेव से राहत, लेकिन बारिश के लिए अभी करना होगा इंतजार

**रांची, सूत्रकार**

झारखंड में हीट वेव ने पूरी तरह से जनजीवन को प्रभावित किया है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। लेकिन भीषण गर्मी के बीच लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल मौसम विभाग ने कहा है कि 17 जून से हीट वेव से राहत मिलेगी। हालांकि, बारिश के को लिए अब भी लोगों को इंतजार करना होगा। क्योंकि राज्य में मॉनसून का प्रवेश अब भी बाकी है। वैज्ञानिकों ने 19 जून तक मॉनसून के पहुंचने की उम्मीद जतायी है।

**17 जून को विभिन्न जिलों में हल्की बारिश के आसार**

रांची के मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 17 जून को गढ़वा, चतरा, पलामू और लातेहार जिले को छोड़कर बाकी जिलों में हल्की बारिश की संभावना जतायी। जबकि 18 जून को भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी। 19 जून को भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश के आसार हैं। लेकिन 21 जून तक अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान हवा हवा की अधिकतम गति 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हो सकती है।

**19 जून से गिरेगा पारा**

19 जून से धीरे धीरे सभी जिलों में तापमान भी गिरेगा। वहीं, 17 और 18 जून की बात करें तो सबसे अधिक तापमान पलामू में देखने को मिल सकती है। इस दौरान इस जिले के का तापमान 44 डिग्री तक रह सकता है। इस बीच रांची का पारा 37 से 38 डिग्री के बीच तक रह सकता है। पलामू के अलावा चतरा, गढ़वा, लोहरदगा, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम का भी पारा 40 के पार जा सकता है।

**झारखंड के 22 जिलों का तापमान 40 के पार**

बीते 24 घंटे की बात करें तो राज्य के 22 जिलों का तापमान 40 के पार चला गया था। इस दौरान सबसे अधिक तापमान 45.9 डिग्री सरायकेला खरसावां में दर्ज किया गया। जबकि डालटनगंज का पारा 45.7 डिग्री सेल्सियस था। केवल पाकुड़ और साहिबगंज ही ऐसे दो जिले हैं जहां के तापमान 40 के नीचे रहा। पाकुड़ का अधिकतम तापमान जहां 38.1 डिग्री सेल्सियस था तो वहीं, साहिबगंज का 37.5 डिग्री सेल्सियस था।

### रांची में सेक्स रैकेट के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी

# होटल मौर्या और स्पा सेंटर में रेड, तीन गिरफ्तार

**रांची, सूत्रकार**

राजधानी रांची के अरगोड़ा इलाके में स्थित एक होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा करते हुए रांची पुलिस ने दो लड़कियों सहित तीन को गिरफ्तार किया है। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृव में छापेमारी की गई थी।

रांची में सेक्स रैकेट के खिलाफ एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में रांची के अरगोड़ा चौक के पास होटल मौर्या में रेड कर पुलिस ने दो लड़कियों सहित तीन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लड़कियों में एक बिहार के हाजीपुर जबकि दूसरी बंगाल की रहने वाली है। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया की देह व्यापार की सूचना पर होटल मौर्या में छापेमारी की गई, जिसमे आपत्तिजनक हालत में दो लड़कियां और एक लड़का पकड़ा गया, कुछ लोग भागने में कामयाब हो गए।



**स्पा में भी हुई छापेमारी :** रविवार को ही रांची पुलिस ने मौर्य होटल के पास स्थित एक स्पा सेंटर में भी रेड किया, हालांकि वहां कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला, पुलिस को सूचना मिली थी कि स्पा सेंटर में भी अनैतिक देह व्यापार चल रहा था।

**रांची पुलिस लगातार कर रही छापेमारी :** पिछले कुछ महीनों ने रांची पुलिस रांची में चल रहे सेक्स रैक्ट के खिलाफ एक अभियान चला रखा है। अनैतिक काम करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार काम कर रही है और कई लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। इससे पहले स्पा सेंटर में विदेशी लड़कियों से भी अनैतिक काम कराया जाता था, जिनके खिलाफ रांची पुलिस ने कार्रवाई की है।

# ईवीएम किसी ओटीपी से अनलॉक नहीं होती, सारे आरोप बेबुनियाद : चुनाव आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर चुनाव आयोग ने रविवार 16 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा है कि, ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता है। ये अफवाह फैलाई जा रही है। चुनाव आयोग ने कहा कि, ईवीएम को अनलॉक करने के लिए ना ही किसी ओटीपी की जरूरत होती है और ना ही ये किसी डिवाइस से कनेक्ट होता है। चुनाव आयोग ने ईवीएम पर लगाए सारे आरोपों को निराधार बताया है।

रिटर्निंग अधिकारी वंदना सूर्यवंशी ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, आज ईवीएम को लेकर जो खबरें सामने आई है, कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया है। मैं बताना चाहती हूं कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता है। ना ही ईवीएम किसी भी डिवाइस से कनेक्ट हो सकता है। अखबार द्वारा पूरी तरह से गलत खबर चलाई जा रही है। जो अखबार में खबर चली है, वो पूरी तरह निराधार है। हमने अखबार को नोटिस भी जारी किया है।




इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर एक बार फिर से विपक्षी पार्टियों ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन एलन मस्क ने भी कहा है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। वहीं मुंबई पुलिस ने शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर के साले मंगेश पांडिलकर के खिलाफ केस दर्ज किया है। उनपर आरोप है कि उन्होंने मुंबई के गोरेगांव चुनाव सेंटर के अंदर पाबंदी होने के बावजूद मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था। इस घटना के बाद से ईवीएम को लेकर विवाद हो रहा है। असल में 16 जून को प्रकाशित मिडडे अखबार में ईवीम को लेकर एक खबर छपी है, जिसमें दावा किया गया है कि शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर के एक रिश्तेदार के पास ईवीएम को अनलॉक करने वाला फोन था और वही फोन लेकर वह पोलिंग बूथ में अंदर गए थे। रिटर्निंग अधिकारी वंदना सूर्यवंशी इसी अखबार की खबर को पूरी तरह गलत बता रही हैं। इन्हीं सब मुद्दों को देखते हुए भारतीय चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की घोषणा की थी। इस अखबार की खबर का हवाला देकर राहुल गांधी समेत कई विपक्षी नेताओं ने ईवीएम को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट किए हैं।

### मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे से पहले शाह की मीटिंग, कहा

# आतंकवाद को कुचलें, मददगारों को भी न बख्शें

## अमरनाथ यात्रा रूट पर कड़ी सुरक्षा हो

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उन्होंने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा शाह ने अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की, जो 29 जून से शुरू होने जा रही है। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, सेनाध्यक्ष (पदनाम) लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, सीएपीएफ के महानिदेशक, मुख्य सचिव, जम्मू-कश्मीर के डीजीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बता दें, पिछले हफ्ते जम्मू-कश्मीर के रियासी में वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहे तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। इस घटना में एक नाबालिग समेत 9 लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों को क्षेत्र प्रभुत्व योजना और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को जम्मू संभाग में दोहराने का निर्देश दिया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार अभिनव तरीकों से आतंकवादियों पर नकेल कस कर एक मिसाल कायम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। उन्होंने कहा कि हाल की घटनाओं से पता चलता है कि आतंकवाद अत्यधिक संगठित आतंकवादी हिंसा से सिमट कर महज छद्म युद्ध में बदल गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हम इसे जड़ से खत्म करने के लिए भी दृढ़ संकल्पित हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत सरकार के प्रयासों से कश्मीर घाटी में आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में उल्लेखनीय कमी के साथ बहुत अच्छे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।




### नीट पेपर लीक मामला : शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का यूटर्न, कहा

# एनटीए में सुधार की जरूरत दोषी को देंगे सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीट एग्जाम के पेपर लीक होने की खबर के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान ने बड़ा बयान दिया है। बता दें कि पहले वो नीट एग्जाम में हुए धांधली से इनकार कर रहे थे। हालांकि, अब वो यूटर्न लेते नजर आ रहे हैं। उन्होंने देशभर में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ बड़े पैमाने पर हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच इस बात को माना है कि नीट एग्जाम के रिजल्ट में कुछ गड़बड़ी हुई है.

उन्होंने कहा कि इस जांच में जिन भी बड़े अधिकारी का नाम सामने आएगा उन्हें माफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने ये भी माना की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को रिजल्ट के संबंध में सुधार करने की जरूरत है।

नीट एग्जाम के पेपर लीक होने की खबर के बाद से पूरे देश में स्टूडेंट विरोध प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। इसको लेकर बच्चों से लेकर अभिभावक भी विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बन रहे हैं। इस मामले में बिहार पुलिस ने कई बड़े सबूत भी जुटाए हैं, जो नीट एग्जाम के पेपर लीक होने की बात कबूल रहे हैं। इस क्रम में पुलिस ने ऐसे 19 लोगों को गिरफ्तार भी किया है, जिन्होंने एग्जाम पेपर लीक करने की बात कबूली है। इसके संबंध में पुलिस लगातार पूछताछ भी कर रही है। इसी बीच धर्मेंद प्रधान का धांधली को लेकर बात कबूलना एक बहुत बड़े स्कैम की तरफ इशारा करता है।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान ने न्यूज एजेंसी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि हश्वश्वञ्ज के संबंध में 2 तरह की बात सामने आई है। इसमें सबसे पहली जानकारी ये है कि वैसे बच्चों को ग्रेस नंबर दिए गए हैं, जिन्हें कम समय मिला था। दूसरा कुछ सेंटर पर भी गड़बड़ी की बात सामने आई है। मैं स्टूडेंट और अभिभावकों को ये आश्वासन देता हूं कि सरकार इसे गंभीरता से ले रही है।

# एनसीईआरटी की किताब से हटा बाबरी मस्जिद का चैप्टर, लिखा- तीन गुंबद वाला ढांचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने शनिवार को कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर सकलानी ने कहा, हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा, क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए... जब वे बड़े होंगे, तो वे इसके बारे में सीख सकते हैं, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में क्यों। बड़ा होने पर उन्हें यह समझने दें कि क्या हुआ और क्यों हुआ। बदलावों के बारे में हंगामा अप्रासंगिक है।

सकलानी की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब नई पाठ्यपुस्तकें कई संदर्भ हटाए जाने और बदलावों के साथ बाजार में आई हैं। कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। इसमें अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ का कर दिया गया है और पिछले संस्करण से विवरण हटा दिया गया है। यह इसके बजाय सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्रित नजर आता है, जिसने उस स्थान पर राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया, जहां दिसंबर 1992 में कारसेवकों द्वारा गिराए जाने से पहले विवादित ढांचा खड़ा था। शीर्ष अदालत के फैसले को देश में व्यापक रूप से स्वीकार किया गया था। अदालत के फैसले को देश में व्यापक तौर पर स्वीकार किया गया। मंदिर में राम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा इसी वर्ष 22 जनवरी को प्रधानमंत्री द्वारा की गई थी।



सकलानी ने कहा, हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं और यही हमारी पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य है। हम उनमें सबकुछ नहीं रख सकते। हमारी शिक्षा का उद्देश्य हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा करना नहीं है। घृणा और हिंसा शिक्षण के विषय नहीं हैं। इन पर हमारी पाठ्यपुस्तकों का ध्यान केंद्रित नहीं होना चाहिए।" उन्होंने कहा कि 1984 के दंगों की बात पाठ्यपुस्तकों में नहीं होने को लेकर ऐसा ही हंगामा नहीं किया जाता।

पाठ्यपुस्तकों से हटाए गए संदर्भों में गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की 'रथ यात्रा'; कारसेवकों की भूमिका; बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद सांप्रदायिक हिंसा; भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन; और भाजपा की अयोध्या में हुई घटनाओं पर खेद की अभिव्यक्ति भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, अगर उच्चतम न्यायालय ने राम मंदिर, बाबरी मस्जिद या राम जन्मभूमि के पक्ष में फैसला दिया है, तो क्या इसे हमारी पाठ्यपुस्तकों में शामिल नहीं किया जाना चाहिए, इसमें क्या समस्या है? हमने अद्यतन चीजें शामिल की हैं। अगर हमने नई संसद का निर्माण किया है, तो क्या हमारे छात्रों को इसके बारे में पता नहीं होना चाहिए। यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्राचीन घटनाक्रम और हाल के घटनाक्रम को शामिल करें।

पाठ्यक्रम और अंततः पाठ्यपुस्तकों के भगवाकरण के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर सकलानी ने कहा, अगर कुछ अप्रासंगिक हो गया है... तो इसे बदलना होगा। इसे क्यों नहीं बदला जाना चाहिए। मुझे यहां कोई भगवाकरण नहीं दिखता। हम छात्रों को इसलिए इतिहास पढ़ाते हैं, ताकि वे तथ्यों के बारे में जानें, न कि इसे युद्ध का मैदान बनाएं।

# सुरदा माइंस जल्द खुलने की उम्मीद बढ़ी

**घाटशिला, सूत्रकार**

सांसद विद्युतवरण महतो के प्रयास से सुरदा माइंस के जल्द खुलने की उम्मीद बढ़ गई है। भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सुरदा माइंस के फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन को मंजूरी प्रदान कर दिया है। जाहिर है कि इससे कंपनी प्रबंधन के साथ ही स्थानीय ताम्र मजदूरों के बीच खुशी देखने को मिल रही है।

मालूम हो कि फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन को सांसद विद्युतवरण महतो एवं आईसीसी के ईडी श्याम सुंदर सेठी के पहल के बाद वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सचिव ने पूर्व में ही स्वीकृति प्रदान कर दिया था। विभागीय सचिव के बाद विभागीय मंत्री की स्वीकृति का इंतजार था। संसदीय चुनाव और आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण फाइल मंत्रालय में ही पेंडिंग पड़ी हुई थी। चुनाव समाप्त होते और पुनः भूपेंद्र यादव के केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री बनने के साथ स्थानीय सांसद विद्युतवरण महतो एकबार पुनः सुरदा माइंस को लेकर पूरी तरह रेस हो गए।

सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव ने बताया कि आईसीसी के ईडी श्याम सुंदर सेठी से बंद सुरदा माइंस के स्टेटस की पूरी जानकारी हासिल करने के बाद सांसद विद्युतवरण महतो ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से फोन पर बातचीत कर सुरदा माइंस के फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन को स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया था। सांसद के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी फाइल को जल्द ही मंजूरी प्रदान करने का भरोसा दिया था।

खबर है कि केंद्रीय वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सुरदा माइंस के फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन को स्वीकृति प्रदान कर दिया है। विभागीय मंत्री की मंजूरी के बाद इसे पोर्टल पर भी अपलोड कर दिया गया है।सुरदा माइंस के फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन की स्वीकृति मिलने से माइंस के जल्द खुलने की भी उम्मीद बढ़ गई है। एचसीएल-आईसीसी के ईडी श्याम सुंदर सेठी समेत अन्य अधिकारी भी इसे लेकर खुश है। खबर है कि फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन की स्वीकृति के साथ ही एचसीएल-आईसीसी प्रबंधन ने एनवायरमेंट क्लियरेंस का भी प्रोसेस शुरू कर दिया है। यह मंजूरी भी वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से मिलना है। एनवायरमेंट क्लियरेंस के साथ ही राज्य सरकार के स्तर पर सुरदा माइंस को खोलने की औपचारिकता पूरी की जाएगी। मालूम हो कि एचसीएल-आईसीसी को सुरदा माइंस के 385.52 हेक्टेयर जमीन का लीज अगले 20 वर्षों के लिए राज्य सरकार पहले ही दे चुकी है। भारत सरकार के वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से 323 हेक्टेयर जमीन का एनवायरमेंट क्लियरेंस भी हासिल है। हालांकि, तकनीकी कारणों से शेष बचे 65.52 हेक्टेयर जमीन का फॉरेस्ट क्लियरेंस नहीं होने के कारण एनवायरमेंट क्लियरेंस नहीं मिल रहा था जिससे माइनिंग समेत अन्य गतिविधियां भी बंद पड़ी हुई थी। ऐसे में फॉरेस्ट क्लियरेंस का स्टेज-वन कम्पलीट होने से आईसीसी प्रबंधन की भी उम्मीद काफी बढ़ गयी है। वहीं, सांसद विद्युतवरण महतो के चुनाव जीतने के साथ ही सुरदा समेत अन्य कॉपर खदानों और प्लांट को चलाने के लिए पूरी तरह सक्रिय होने पर लोगों के बीच उत्साह देखने को मिल रहा है।




## न्यूज फ्लैश

### पर्यावरण मित्र ने गालवान वीर गणेश हंसदा के पुण्यतिथि पर लगाए पौधे



**घाटशिला, सूत्रकार**

शहीद गणेश हंसदा के पुण्यतिथि पर रविवार को पर्यावरण मित्र घाटशिला झारखंड ने शहीद पार्क, पावड़ा मैदान में पांच साल का और पांच नीम के पौधे लगाए। सभी लगाए गए साल के पौधों को लोहे के जाली से सुरक्षित किया गया। विदित हो कि शहीद गणेश हांसदा के याद में ही पावडा मैदान को शहीद पार्क के रूप विकसित करने का संकल्प लिया गया था। पर्यावरण मित्र घाटशिला उसी संकल्प को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है और पिछले कई रविवार से वहां पौधे लगाकर और लगे हुए पौधों को संवारकर उसे बेहतर कर रहा है। हम पर्यावरण मित्र घाटशिला के लोगों से अपील करते हैं कि यदि कोई मैदान या सार्वजनिक जगह हो तो हमे बताएं हम वहां भी लगातार पौधा लगाकर उसे एक विकसित पार्क का स्वरूप प्रदान करेंगे। पौधारोपण कार्यक्रम प्रो इंदल पासवान के नेतृत्व में प्रो चिरंतन महतो, मिहिर भकत, जयंत नायक और लोकनाथ महतो ने मुख्य भूमिका निभाई।

### साइबर अपराधियों ने व्यवसायी के खाते से उड़ाए 1.80 लाख

**जोड़ापोखर, सूत्रकार**

जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा डुमरी 2 पिट के रहने वाले व्यवसायी बेदन्त अग्रवाल को झांसा देकर साइबर अपराधों ने एक लाख 80 हजार रुपए की ठगी कर लिया है।जोड़ापोखर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। श्री अग्रवाल ने कहा की वह बड़ोदरा बैंक धनबाद शाखा के खाता धारी हैं, मोबाइल में लिंक आया की सस्ता जूता मिल रहा है। जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो खाता से पैसा गायब हो गया। घटना की जानकारी दो दिन बाद पता चलने पर मामला दर्ज कराया गया है।

### छह लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की प्राथमिकी

**कतरास, सूत्रकार**

विद्युत विभाग की टीम ने अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ शनिवार को दरिदा, पोचरी, हरिणा आदि जगहों पर छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने अवैध रूप से बिजली जलाते छह लोगों को पकड़ा। इस बाबत बिजली आपूर्ति प्रशाखा बाघमारा के कनीय विद्युत अभियंता सोनू सामद ने बरोरा थाना में अनिल कुमार मुर्मू (दरिदा), गणेश हाड़ी (दरिदा बस्ती), मोइन खान (दरिदा), अनिल मोहली व सुखदेव मोहली (कालीपुर), चंदन रवानी (हरिणा कालोनी) के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने गांधी सेवा सदन में किया पौधरोपण



**धनबाद, सूत्रकार**

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था ने गांधी सेवा सदन के प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस दौरान आम, अमरुद, पपीता शरीफा, बेल आदि दर्जनों फलदार पौधे लगाए गए। संस्था के अध्यक्ष राजू हाड़ी ने इस अवसर पर कहा कि आज जिस तरह से गर्मी में अप्रत्याशीत वृद्धि हुई है उसका एक बड़ा कारण अंधाधुंध पेड़ों की कटाई है।संस्था ने आज पौधरोपण कर समाज में यह संदेश देने का काम किया है कि लोग पेड़ लगाने के प्रति आगे आएं।प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। जिसके चलते मौसम में भी बदलाव दिख रहा है। बारिश के समय बारिश नही हो रही है।जब बारिश नही होनी चाहिए उस समय बारिश हो जाती है।यह सब कार्बन डाय ऑकसाइड का अधिक से अधिक उत्सर्जन के कारण भी है और यही वजह है कि भीषण गर्मी का सामना हमें करना पड़ रहा है। इन सब से निजात पाने के लिये पेड़ लगाना ही एक मात्र उपाय है। हाड़ी समाज सभी लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पेड़ों का संरक्षण करने की भी अपील करती है।मौके पर महासचिव बुचू हाड़ी, कोषाध्यक्ष विजय हाड़ी, रक्षा मंत्री भोला हाड़ी,कार्यालय सचिवनारायण हाड़ी,उप संगठन सचिव संजय हाड़ी,मीडिया प्रभारी अमित हाड़ी,उपाध्यक्ष प्रकाश हाड़ी,युवा अध्यक्ष अमित किशोर हाड़ी,महासचिव अजय हाड़ी, सचिव दिनेश हाड़ी, संगठन सचिव भगत हाड़ी, कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ हाड़ी, मनोज हाड़ी एवं अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

### कोल्हान में पारा 5 से 10 डिग्री तक गिरा

**जमशेदपुर, सूत्रकार**

पूरे कोल्हान में लोगों ने रविवार को तपिश से थोड़ी राहत महसूस की। पिछले एक सप्ताह से प्रचंड धूप, भीषण लू और 44.0 डिग्री तापमान की वजह से कोल्हान जल रहा था। वहीं आज सुबह से ही हवा में थोड़ी ठंडक और हल्के बादल छाये रहने के कारण तापमान में भी कमी आयी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में अब तेज हवा के साथ हो सकती है। इससे तपिश से राहत मिलने की संभावना है। रविवार को कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों में 40.0 डिग्री से कम तापमान दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक होने के बावजूद 39.8 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री अधिक 28.0 डिग्री दर्ज किया गया। सरायकेला में अधिकतम तापमान समान्य से 6.9 डिग्री कम 39 डिग्री रहा। वहीं पश्चिमी सिंहभूम जिले में अधिकतम तापमान 10.5 डिग्री नीचे 33.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए विशेष शिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन

**चाईबासा, सूत्रकार**

बच्चों को स्कूल से जोड़ने व ड्रॉप आउट की समस्या दूर करने के उद्देश्य से चक्रधरपुर की गोपीनाथपुर पंचायत के लौजोड़ा कला व केनके पंचायत के केनके गांव में रविवार को विशेष शिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। अमरीका की क्राइ संस्था के सहयोग से संचालित बाल संरक्षण परियोजना के अंतर्गत सृजन महिला विकास मंच संस्था के तत्वावधान में यह विशेष प्रशिक्षण केंद्र खोला गया। इस मौके पर संस्था के परियोजना समन्वयक मोहम्मद इस्लाम अंसारी ने बताया कि विशेष शिक्षण केंद्र का संचालन वैसे बच्चों के लिए किया जाना है जिन्हें सीखने में दिक्कत होती है, जो स्कूल ड्रापआउट है, ताकि इन बच्चों में शिक्षा की रूचि जगा कर उन्हें बाल मजदूरी, बाल पलायन, बाल विवाह जैसे दुर्व्यवहार से बचा कर शिक्षा से जोड़ा जा सके। इस मौके पर बच्चे व उनके अभिभावक मौजूद थे।

## बीसीसीएल लोदना एरिया में अपराधियों ने गोली चालान कर ले भागे लाखों के स्क्रैप

**जोड़ापोखर, सूत्रकार**

बीसीसीएल लोदना एरिया में अपराधियों का आतंक चरम पर है। जिसके कारण कर्मियों में दहशत व्याप्त है वही प्रबंधन और पुलिस मूक दर्शक बनी बैठी है। ताजा मामला भूलन बरारी एजेंट ऑफिस का है। जहां के स्टोर रूम की सेंधमारी कर चोरो के दल ने डेढ़ लाख रुपए की सामग्री चोरी कर ली। घटना के समय डयूटी में तैनात बीसीएलएल कंपनी के गार्ड को भयभीत करने के लिए चोरों ने हवा में एक राउंड फायरिंग भी किया है।

घटना को लेकर बरारी कोलियरी प्रबंधक शांतनु शील ने ऑन लाइन जोड़ापोखर थाना में मामला दर्ज कराया है। घटना के समय मौजूद गार्ड राजकुमार पासी, राजेंद्र दुसाद,लोबिन रजवार ने बताया है की शनिवार की रात एक दर्जन अपराधियों ने धावा बोलकर स्टोर की दीवार में सेंधमारी कर दिया, जब प्रतिकार किया गया तो एक राउंड गोली चला दिया गया तो हम लोग अपनी जान बचा कर छत पर चढ़ कर छिप गए। स्टोर में रखा कीमती स्क्रैप लोहा को चोर ले गये। चोरो के जाने के बाद प्रबंधक श्री शील को सूचना दिया। रविवार को श्री शील ने ऑन लाइन थाना में मामला दर्ज कराया है। ज्ञात हो की शुक्रवार को भूलन बरारी रोपवे स्टोर में लोहा चोरो के दल ने लोह सामग्री की चोरी कर लिया है। गुरुवार को जोड़ापोखर पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक 407 पर लदा हुआ लोहा बरामद किया है। बीसीकेयू के बरारी कोलियरी के सचिव सुबुर गोराई ने कहा है की भूलन बरारी में पूर्व में सीआईएसएफ जवान की तैनाती की जाती थी। एक वर्ष पूर्व जवानों को हटा लिया गया है। तभी से बरारी एजेंट ऑफिस स्टोर, रोपवे स्टोर, बरारी कोलियरी स्टोर में आये दिन दर्जनों चोरो का दल धावा बोलकर कर लाखों रुपये की लोहा लूटा जा रहा है। चोरी के लिए पूरी तरह से कंपनी प्रबंधन जिम्मेदार हैं। कई बार महाप्रबंधक से चोरी पर रोक लगाने के अलावा मजदूरों को सुरक्षा प्रदान किया जाने की मांग भी की गयी है।



## सम्मान समारोह में सासंद ढुल्लू महतो ने आउटसोर्सिंग कंपनियों को चेताया

### गरीब दलित का शोषण बंद करें वरना गरीब हिसाब लेना जानता है

**जोड़ापोखर, सूत्रकार**

जेलगोड़ा गेस्ट हाउस सभागार में धनबाद जिला हाड़ी जाती समाज के लोगो ने सम्मान समारोह आयोजित कर धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो को सम्मानित किया। समाज के लोगों को आह्वान करते हुए सांसद श्री महतो ने कहा है की चुनाव गरीब का बेटा एवम माफिया गुडों के बीच था, जिसमें गरीब बेटे की जीत हुई हैं।

उन्होंने कहा है की भाजपा परिवार वाद की पार्टी नही है, जबकी कॉंग्रेस परिवार वाद माफियाओं की पार्टी हैं। यह लोग देश में आज भी राजतंत्र चलाना चाहते है। जिसे भाजपा ने समाप्त कर दिया है। अब सफाई कर्मी का बेटा भी सांसद, विधायक बन सकता है। उन्होंने कहा है की झरिया की 90 प्रतिसत जनता आउट सोसिग कम्पनियों से परेशान हैं। आउटसोर्सिंग कम्पनियां गरीबों दलितों का शोषण करना बंद कर दे नहीं तो गरीब अपना हिसाब लेना जानते है। श्री महतो ने कहा है की अगर गरीब का सेवा करते शहीद होना पड़े तो मंजूर हैं। समारोह को योगेंद्र यादव, भागा मंडल अध्यक्ष सुजीत सिंह, राजकुमार अग्रवाल, अभिषेक पांडेय, धूर्ब हाडी, बंटी हाडी, राजन हाडी, बच्चन हाडी, राजू हाडी, डब्ल्यू हाडी, शुभाष हाडी, हीरालाल हाडी,आदि ने भी सम्बोधित किया। समाज के लोगो ने डॉ भीम राव अम्बेडकर की तस्वीर और मोमेंटो सांसद को दिया, जिस पर सांसद ने समाज के लोगो को आश्वस्त किया की सांसद निधि के पहला फंड से सभी को अम्बेडकर आवास मुहैया कराया जायेगा।



### डालसा ने मंडल कारा में जेल अदालत लगाई

**चाईबासा, सूत्रकार**

नालसा एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार चाईबासा के तत्वावधान में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान गठित बेंच पूजा पांडेय, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ने उनके समक्ष प्रस्तुत मामलों की समीक्षा की। इस अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### बकरीद को लेकर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

**चक्रधरपुर, सूत्रकार**

मुस्लिम समुदाय के बकरीद पर्व को लेकर रविवार शाम में चक्रधरपुर थाना की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। चक्रधरपुर थाना के प्रभारी राजीव रंजन के नेतृत्व में निकाले गये इस फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च चक्रधरपुर थाना से निकलकर थाना रोड, रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग, बाटा रोड, दंदासाई समेत अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर थाना पहुंची। इस संबंध में थाना प्रभारी राजीव रंजन ने कहा कि विधि व्यवस्था को लेकर शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने बकरीद पर्व के दौरान लोगों को किसी भी तरह की अफवाह में न आने तथा शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात कही।

## ट्रक लूट कांड के तीन अपराधियों को तोपचांची पुलिस ने किया गिरफ्तार



**धनबाद, सूत्रकार**

तोपचांची थाना क्षेत्र साहुबरियार में बीते 23 मई की रात ट्रक ड्राइवर से लूटकांड की घटना को अपराधियों द्वारा अंजाम दिया गया था। इस मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर घटना में शामिल तीन अपराधियो को पुलिस ने दबोच लिया है। इस बाबत रविवार को हेडक्वार्टर डीएसपी 2 संदीप कुमार गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि घटना के बाद 25 मई को तोपचाची थाने में तीन के विरुद्ध इसकी लिखित शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस द्वारा एक टीम गठित कर अपराधियों को पहचान हेतु कारवाई शुरू की गई थी। बताया की तोपचांची थाना में कांड संख्या 81/24 दर्ज कर जाँच करते हुए लूटी गई मोबाइल के लोकेशन के आधार पर तकनिकी शाखा की मदद से उक्त अपराधी को चिन्हित करते हुए ज्योत्स्ना मैरिज हाल श्यामदिह कतरास के समीप से अभियुक्त आजाद हुसैन घर पर छापेमारी किया गया। जहां से लूट कांड में प्रयोग किया गया एक काला रंग का हौंडा मोटर साईकिल बरामद की गई। आजाद हुसैन के निशानदेही पर अभियुक्त मेराज अंसारी श्यामडीह बस्ती कतरास, ओम सिंह बेहराकुदर बरोरा को गिरफ्तार किया गया है। वही छापेमारी में पुलिस के द्वारा लूटी गई टेक्नो स्पार्क कंपनी का मोबाइल भी बरामद किया गया है।

**नाबालिग से यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार**

वही दूसरी ओर तोपचाची थाना के प्रधानघंटा के रहने वाली एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले युवक शिव कुमार मुर्मू को भी तोपचाची पुलिस गिरफ्तार किया। न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उस युवक को भी जेल भेज दिया गया। हेडक्वार्टर डीएसपी 2 ने बताया जाता है की लड़का और लड़की दोनो आदिवासी समाज से आते है, और दोनो अगल बगल ही रहते थे। नाबालिक लड़की ने आरोप लगाया है की शादी का झांसा देकर और डरा धमका कर आरोपी ने उसका यौन शौषण किया है। छापेमारी में तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार, पुलिस अंचल निरीक्षक विवेकानंद श्रीवास्तव, नितिन पोद्दार, कुबैर साव, राकेश कुमार दुबे, हवलदार रामकिशुन मुंडा, जवान आलेख कुमार और संजीव कुमार सिंह मौजूद थे।

## बकरीद को लेकर महुदा थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**महुदा, सूत्रकार**

महुदा थाना में रविवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। जिसमे 17 जून को होने वाले बकरीद पर्व को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में त्याग व बलिदान के पर्व बकरीद को सौहार्दपुर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया।

थाना प्रभारी धीरज कुमार ने कहा कि आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देते हुए सभी की भावनाओं का सम्मान करें। साथ ही उन्होंने कहा कि बकरीद में सोशल मीडिया पर पुलिस पैनी नजर रहेगी किसी भी तरह के गलत धार्मिक भावना को आहत करने जैसे पोस्ट हरगिज न करें। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व मनाने के दौरान खाने पिने के बाद जो भी सामान बच जाये, उसे गडढे में दफन कर दें। ताकि किसी भी तरह का विवाद उत्पन्न ना हो सके। आपस में मिलजुल कर त्यौहार को मनायें। बैठक में ईद उल अजहा की नमाज और कुबार्नी की रस्म अदायगी के बारे में प्रशासन ने लोगों से जानकारी ली। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी धीरज कुमार ने किया। बैठक में मुखिया महेश पटवारी, सुर्यकांत महतो, आलम शेख,भरत महतो, करामत अंसारी, सौहेल जॉनी, हारून अंसारी, फरीद अंसारी, शमीम शेख, लखीराम मोहली, शेख खालिद आदि मौजुद थे।

## आउटसोर्सिंग में रोजगार को लेकर ग्रामीण और कार्यरत कर्मियों के बीच संघर्ष की स्थिति

### ग्रामीणों ने 18 जून को काम बंद करने का किया ऐलान, तो कार्यरत कर्मी भी विरोध के लिए तैयार

**लोयाबाद, सूत्रकार**

हम सब रैयत ग्रामीण है, हमारी जमीन पर कोयला खनन हो रहा है, हम सबको नियोजन चाहिए नही तो 18 जून को कम्पनी का काम बंद करेंगे। रविवार को बांसजोड़ा बस्ती में ग्रामीणों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रैयत होने का दावा करते हुए कहा कि गोली चले बम चले हम फिर भी लड़ेंगे। अगुवाई करते हुए सूरज महतो ने कहा कि हम जमीन नही देते तो कम्पनी काम कैसे करती,परियोजना कैसे चलता। इसलिए इसबार हमलोगों को कम्पनी में नियोजन देना पड़ेगा। कम्पनी नई है,पुरानी है,छह महीने के लिए है या फिर दो साल के लिए हमे कोई मतलब नही है। कहा कि हमारा घर परियोजना से प्रभावित है। करीब 60 से 70 घरों की आबादी है। सबको नियोजन देना पड़ेगा। महिला फूल देवी ने कहा कि हमारे साथ सांसद है। हम लड़ेंगे, इसबार आर पार की लड़ाई होगी हम रुकने वाले नही है।हम सभी मिलकर लड़ेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान ग्रामीण कम्पनी के खिलाफ नारेबाजी भी की। ग्रामीण ने बंदी को लेकर को पत्र भी दिया है। प्रेसवार्ता में सूरज महतो, विकास सिंह,गौतम महतो,प्रकाश सिंह, मोहन रवानी, रोहित रवानी, बद्री रवानी,विनय रवानी,गोलू सिंह,जय नारायण सिंह,मनजीत रवानी,परवीन, शक्ति रवानी सहित कई महिलाएं शामिल थी। ज्ञात हो कि बांसजोड़ा में साकार मास मास जॉइंट वेंचर के पेटीदार डेको कम्पनी करीब एक साल बाद दोबारा काम शुरू किया है। इसबार 18 महीने का एक्सटेंशन प्रोजेक्ट है। कम्पनी फिलहाल पुराने 70 मजदूरो को बहाल किया है। कम्पनी जैसे जैसे काम बढ़ाएगी उसके साथ ही पुराने मजदूरो को काम पर वापस लेने की बात कर रहा है। इसी बीच बांसजोड़ा बस्ती के ग्रामीण नियोजन की मांग पर अड़े हुए हैं।



**मजदूरों का जिला प्रशासन से गुहार :** दूसरी ओर कम्पनी के सभी कार्यरत मजदूर 18 के बंदी के विरोध को तैयार है। मजदूरो ने एक पीटिशन जिला प्रशासन व बीसीसीएल अधिकारियों को दिया है। मजदूरो का कहना है कि कम्पनी बंद रहने से हमारे समक्ष भुखमरी की स्तिथि पैदा हो गई थी अब फिर से काम शुरू हुआ है तो कुछ लोग ग्रामीण रैयत के नाम पर काम बंद कराना चाहता है। जबकि बांसजोड़ा बस्ती के लोग भी कम्पनी में काम कर रहे हैं। हम मजदूर जान दें देंगे पर किसी भी कीमत पर काम बंद होने नही देंगे मजदूरो ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

**बांसजोड़ा में खूनी जमीन तैयार :** बांसजोड़ा में 18 जून को खूनी संघर्ष की जमीन तैयार हो चुकी है। एक तरफ बांसजोड़ा बस्ती के लोग कम्पनी बंद करने तो दूसरी तरफ कम्पनी के मजदूर बंदी के विरोध का मन बनाये हुए है। ऐसे हालात में टकराव की स्तिथि बनी हुई है। समय रहते जिला प्रशासन द्वारा कोई पहल नही किया गया तो बांसजोड़ा रण क्षेत्र में तब्दील हो जायेगा।

**'सोमवार को बंदी करने वाले पक्ष के साथ बीसीसीएल के अधिकारियों व सीओ पुटकी की मौजूदगी में समझौता का प्रयास किया जायेगा।पुलिस की पूरे मामले पर नजर है।किसी को कानून व्यवस्था बिगाड़ने नही दिया जाएगा।'**

**सत्यजीत कुमार**
**थाना प्रभारी, लोयाबाद।**

न्यूज फ्लैश

### पीजीटी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप

रांची, सूत्रकार

जेएसएससी द्वारा जारी पीजीटी रिजल्ट पर सवाल उठने लगे हैं। पीजीटी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री आवास घेरने की कोशिश की हालांकि प्रशासनिक दबिश की वजह से उन्हें मोरहाबादी स्थित बापू बाटिका में ही रहना पड़ा। इसके बावजूद नाराज छात्र यही पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं। आंदोलन कर रहे छात्रों का मानना है कि बोकारो स्थित एक सेंटर से सबसे ज्यादा विषय में अभ्यर्थी सफल हुए हैं जो अपने आप में संदेह उत्पन्न करता है। विद्यार्थियों ने सरकार से इसकी सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

### पार्थ सिंह को 100 मी दौड़ में मिला स्वर्ण पदक

रांची, सूत्रकार

19 वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ में नेशनल मीट रिकॉर्ड के बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारतीय एथलेटिक्स संघ एवं छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 17 जून तक प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में किया गया है। रविवार को पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ को 10.68 सेकेंड में पूरा किया। बता दें कि 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग का नेशनल रिकॉर्ड 10.63 सेकेंड अंशु रजक का है, जो 2023 में बना था।बालिका जेवलिन थ्रो में जामताड़ा की सविता मुर्मू ने 41.09 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं इस स्पर्धा का स्वर्ण पंजाब की नवनीत कौर और रजत राजस्थान की नीलम चौधरी ने जीता। रांची साई के प्रशिक्षु साकेत मिंज अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाबजूद पदक से चूके और 48.23 से। के साथ चौथे स्थान पर रहे। इस उपलब्धि पर भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सीडी सिंह, साई कोच बिनोद सिंह, योगेश यादव, मुकुल टोप्पो, टीम कोच आशु भाटिया,टीम मैनेजर नरेश कुजूर समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने विजेता एथलीट को बधाई दी।

### जनजातीय भाषा के शिक्षकों की जल्द होगी नियुक्ति : दीपक बिरुआ

रांची, सूत्रकार

झारखंड के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सीएम चंपाई सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने निर्णय लिया है कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को अविलंब प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसलिए मंत्रिमंडल से हम लोगों ने स्वीकृति दी है। 20 जून तक इसका विज्ञापन आएगा और सभी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं में घंटी आधारित शिक्षक आवेदन दे सकेंगे। नियुक्ति मिलेगी, बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़ाई कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि जनजातीय भाषा एकेडमी को भी जल्द मूर्त रूप देने का प्रयास किया जाएगा। पेसा ड्राफ्ट की समीक्षा की गई है। आने वाले दिनों में यहां के लोगों की बेहतरी के लिए उसे लागू करने का प्रयास किया जाएगा। अबुआ आवास योजना के तहत 9 लाख आवास की स्वीकृति मिलेगी। इसका लाभ यहां के जरूरतमंद लोगों को प्राप्त होगा। ग्राम गाड़ी योजना की समीक्षा की जा रही है, ताकि जरूरतमंद के लिए पहचान पत्र जारी किया जा सके।

### रॉकमैन प्रीमियर लीग : स्मेसर्स को तीन विकेट से हराकर सनराइजर्स बनी चैंपियन

रांची, सूत्रकार

सनराइजर्स की टीम रॉकमैन प्रीमियर लीग 2024 की चैंपियन बनी।रविवार को स्मेसर्स और सनराइजर्स के बीच धुर्वा के शाखा मैदान में फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें सनराइजर्स ने तीन विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मेसर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 151 रन बनाये। टीम की ओर से कुमार सौरभ ने 33 और शुभम राज ने 32 रनों की पारी खेली। सनराइजर्स की ओर से अवनीश कुमार और प्रिंस ने 2-2 विकेट लिये। दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स की टीम ने 18।5 ओवर में 7 विकेट खोकर 154 रन बनाकर जीत दर्ज की। टीम की ओर से साहिल कुमार ने 39 और युवराज सिंह ने 37 रनों की पारी खेली। स्मेसर्स कीओर से आयुष कुमार आशु ने 3 और रागिनी ने 2 विकेट लिये। इस टूर्नामेंट मे कुल 46 मैच खेले गये। जिसमे सभी मैचो में प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। कुमार सौरभ मैन ऑफ द सीरीज रहे। बेस्ट बैट्समैन सौरभ कुमार, बेस्ट बॉलर मारूफ, बेस्ट ऑल राउंडर अंकित शुक्ला, बेस्ट विकेट कीपर शुभम राज, बेस्ट फील्डर शिवम कुमार, राज पाल तथा प्लेयर ऑफ द फाइनल अवनीश कुमार रहे।

सांसद दीपक प्रकाश ने रांची के बड़ा तालाब की सफाई का किया निरीक्षण, कहा

# निगम को ठोस कदम उठाने की जरूरत



रांची, सूत्रकार

राजधानी रांची का ऐतिहासिक बड़ा तालाब इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि बड़ा तालाब में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसके कारण आसपास के लोग तालाब से आने वाली दुर्गंध से परेशान हैं। बड़ा तालाब की सफाई को लेकर राजनीतिक और सामाजिक लोग हर दिन आवाज उठाते नजर आ रहे हैं। झील बचाओ अभियान समिति के साथ-साथ कई सामाजिक संगठन और राजनीतिक संगठन भी तालाब की सफाई को लेकर सत्याग्रह करते नजर आ रहे हैं। रविवार को भी राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने झील बचाओ अभियान समिति के सदस्यों के साथ रांची के बड़ा तालाब के सामने नगर निगम और जिला प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और तालाब की संपूर्ण सफाई की मांग की। तालाब की सफाई को लेकर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि वर्षों से रांची की पहचान बन चुका बड़ा तालाब का अस्तित्व आज खतरे में है। पिछले कई दिनों से पानी के अंदर से दुर्गंध आ रही है। इससे आसपास के लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि झील बचाओ अभियान समिति के सदस्यों और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बार-बार विरोध के बाद नगर निगम ने संज्ञान लिया है, जो सराहनीय है। लेकिन उनके द्वारा किया गया यह प्रयास अल्पकालीन समाधान प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को तालाब की संपूर्ण सफाई के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि आने वाले दिनों में तालाब के पानी से फिर से बदबू न आए। उन्होंने यह भी कहा कि तालाब के तल में गाद जमा हो गई है, जिसके कारण उस गाद से निकलने वाली गैस पूरे तालाब को गंदा कर रही है। मालूम हो कि तालाब की गंदगी को लेकर रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार ने भी पूरे तालाब का निरीक्षण किया था और जल्द से जल्द तालाब की सफाई कराने की बात कही थी। जिसके बाद पूरे तालाब में हार्वेस्टर मशीन भी लगाई जा रही है। जिससे सफाई का काम हो रहा है। तालाब की सफाई को लेकर सत्याग्रह कर रहे झील बचाओ समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा के साथ राज्यसभा सांसद और शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## रोटरी और राज अस्पताल ने जिलिंग सोरेन गांव में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया



रांची, सूत्रकार

राज अस्पताल रांची, रोटरी डाउनटाउन एवं एकस्थ फाउंडेशन के सहयोग से रविवार, 16 जून को जिलिंग सोरेन गांव (अनगड़ा) में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 500 से ज्यादा मरीजों को निःशुल्क परामर्श, जांच एवं निःशुल्क दवाइयां दी गयी। जिन मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं थे, उनके आयुष्मान कार्ड बनाये गये। स्वस्थ्य शिविर में हड्डी, गुर्दे, सामान्य रोग एवं सर्जरी , छाती एवं फेफड़, दांत एवं जबड़े, स्त्री एवं प्रसूति, शिशु संबंधी रोगों की जांच की गयी। मरीजों को चिकित्सीय सलाह के साथ साथ दवाईयां भी दी गयी। शिविर में राज अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक सहित पैरामेडिक टीम उपलब्ध थी। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की सहभागिता रही। शिविर में रोटरी रांची डाउनटाउन से शालिनी जयसवाल, सुखमीत मोदी, डॉ श्रुति गुप्ता , तूलिका झा, रैनि चंडोक, रिशा गुप्ता एवं बिंदिया आर्या शामिल थे। रोटरी डाउनटाउन की चेयर पर्सन मर्यादा गंभीर ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगो में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना था, ताकि लोग किसी गंभीर बीमारी के शिकार होने से बचें। शिविर को सफल बनाने में राज अस्पताल के सीईओ श्रसाहिल गंभीर, एकस्थ संस्था से ऋषभ लोहिया एवं गुरिडीह पंचायत के मुखिया का बहुमूल्य योगदान रहा।

आजसू केंद्रीय समिति की बैठक संपन्न

# स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी आजसू पार्टी

रांची, सूत्रकार

आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक आज रांची के कांके में संपन्न हो गयी। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय समिति की बैठक के दौरान राज्य की मौजूदा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य के राजनीतिक हालात को बदलने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को संकल्पित होकर काम करने की जरूरत है। राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि समय कम है और हमारी जिम्मेदारी बड़ी है। हमें पूरी प्रतिबद्धता के साथ सुखी और संपन्न झारखंड के निर्माण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से लग जाना है। उन्होंने कार्यसमिति के सदस्यों का आह्वान किया कि वह जनता के बीच अपनी मौजूदगी को रिश्ते में बदलें। इस दौरान पार्टी की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर पार्टी पदाधिकारियों ने विस्तृत चर्चा भी की। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि संघर्ष ही हमारी पहचान है। अभी तक संघर्ष के रास्ते पर चलकर ही हमने सफलता पाई है और आगे भी हम अपने संघर्ष से ही संकल्पों को पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य ने पिछले साढ़े चार साल में बहुत कुछ खोया है। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करें। सुदेश महतो ने पार्टी के पदाधिकारियों से भी जोर देकर कहा कि वह कार्यकताओं के साथ समन्वय बनाकर समाज के हर वर्ग में पहुंचे। सुदेश महतो ने कहा कि इस वर्ष 22 जून को पार्टी अपना स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। इस दिन सभी विधानसभा में विधानसभा स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए राज्य भर के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा सीट पर पार्टी के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी की जीत कोई साधारण जीत नहीं है। इसके लिए केंद्रीय अध्यक्ष ने मंच से केंद्रीय समिति की बैठक में सहयोगी दल और आजसू कार्यकर्ताओं को धन्यवाद भी दिया। आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बैठक में उपस्थित थे। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर चुनौती का सामना हम सभी को मिलकर करना है। चुनाव परिणामों की समीक्षा के बाद जो कमियां दिखेगी उसे दूर करना है। आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव और पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस ने कहा कि सिर्फ आजसू पार्टी के पास स्पष्ट नीति और विचार है। हम सभी सामाजिक न्याय और विकास की अवधारणा पर चलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि झारखंड को राजनीति का प्रयोगशाला बना दिया गया है।

झामुमो विधायक समीर मोहंती की चिट्ठी का मामला

# बाबूलाल ने की फॉरेंसिक जांच की मांग

झारखंड, सूत्रकार

झामुमो विधायक समीर मोहांती द्वारा लिखित तथाकथित पत्र का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस मामले में प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलला मरांडी ने जांच की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि समीर मोहंती ने कांग्रेस और झामुमो के नेताओं को पत्र लिखा है कि हर बूथ में 6 हजार रुपये दिए गए थे लेकिन सिर्फ 4 हजार रुपये ही दिए गए। इस पत्र के माध्यम से समीर मोहंती ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि पैसों का गबन किया गया। हालांकि समीर मोहंती ने पत्र को फर्जी बताया और आरोपों से इंकार कर दिया है। बाबूलाल मरांडी ने झामुमो और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। बाबूलाल ने कहा कि इस मामले की जांच चुनाव आयोग को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में 95 लाख तक ही प्रत्याशी खर्च कर सकते हैं। इतने बड़ी रकम बांटने का काम झामुमो और कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है। दरअसल, एक पत्र वायरल



हो रहा है जिसमें लोकसभा चुनाव में जमशेदुपर से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया है। हर बूथ में 6 हजार रुपये देने जाने थे लेकिन 4 हजार रुपये ही दिए गए। यह मामला और भी पुख्ता हो जाता है क्योंकि यह लेटर हेड में समीर मोहंती का नाम है। पत्र में उनका हस्ताक्षर और मुहर है। आपको बता दें कि समीर मोहंती फिलहाल बहरागोड़ा के विधायक है। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे थे। लेकिन उन्हें बीजेपी के विद्युत वरण महतो ने भारी अंतर से हरा दिया था। दरअसल, इस मामले में समीर मोहंती ने पत्र से अपना पलड़ा झाड़ लिया है। उन्होंने पत्र को फर्जी बताया और सारे आरोपों से इंकार कर दिया है। वहीं बाबूलाल मरांडी ने फॉरेंसिक जांच की मांग की है।

रांची में झारखंड कांग्रेस चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की हुई पहली बैठक

# पांच लोकसभा सीट पर कांग्रेस को मिली हार की तलाशी गई वजह

रांची, सूत्रकार

लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस ने भले ही 2019 के मुकाबले अपनी सीटें दोगुनी कर ली हो, लेकिन प्रदेश कांग्रेस के अंदर इस बात का मलाल है कि इस बार पार्टी और बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। ऐसे में सात लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को पांच लोकसभा सीटों पर हार क्यों हुई? सहयोगी दलों के नेताओं का कितना सहयोग मिला और कहां चूक हो गई? इन तमाम बिंदुओं की समीक्षा के लिए कांग्रेस ने अपने काफी अनुभवी नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बलमुचु के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय चुनाव परिणाम समीक्षा समितिश्व बनाई है। इस समिति की पहली बैठक रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई। इस बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार और सुल्तान अहमद उपस्थित रहे।



आज की बैठक में प्रदीप कुमार बालमुचू सहित सभी सदस्यों ने जिन लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की हार हुई, उन सीटों की समीक्षा की और पूरा खाका तैयार किया।

बैठक के क्रम में प्रदीप कुमार बालमुचू ने कहा कि कांग्रेस ने 07 सीटों पर अपने उम्मीदवार गठबंधन के तहत उतारे थे। जिसमें से हमें सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली, बाकी पांच सीटों पर हम हार गए। सभी परिस्थितियां अनुकूल रहने के बावजूद हम हार क्यों गए इसके कारणों की पड़ताल बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड महागठबंधन की सरकार के द्वारा जनहित में किए गए कार्य और मोदी सरकार की विफलता, केंद्र सरकार द्वारा किसानों, महिला ,युवा और अन्य वर्गों के खिलाफ लिए गए निर्णय से माहौल पूरी तरह इंडिया गठबंधन के पक्ष में था। बावजूद इसके हमारी हार क्यों हुई, यह बड़ा सवाल है। प्रदीप बलमुचू ने कहा कि अपनी चूक, कमियों को जानकर अगर समय रहते उसे दूर कर लेते हैं तो आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन को और मजबूत किया जा सकता है। झारखंड कांग्रेस चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की रविवार को हुई बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि प्रथम चरण में समिति गोड्डा, धनबाद, हजारीबाग, चतरा, रांची लोकसभा का दौरा करेगी। इस क्रम में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक जिला मुख्यालय में समिति के सदस्य लोकसभा प्रत्याशी, संबंधित लोकसभा क्षेत्र के जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पदाधिकारी, लोकसभा प्रभारी, अग्रणी मोर्चा संगठन एवं विभाग, वरिष्ठ कांग्रेसियों से जानकारी लेंगे कि चुनाव के दौरान किस प्रकार की चूक हुई है। लोकसभा चुनाव के दौरान जवाबदेह जिम्मेदार नेताओं ने किस हद तक अपने कार्यों का निर्वहन किया, सहयोगी दलों के साथ समन्वय की स्थिति कैसी रही सहित सभी पहलुओं की जांच होगी। इन तिथियों को यहां होगी समीक्षा बैठक 20 जून को गोड्डा, 21 जून को धनबाद, 22 जून को हजारीबाग, 23 जून को चतरा और 24 जून को रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव परिणाम की समीक्षा होगी। इसके बाद दो जीती हुई लोकसभा सीट खूंटी और गोड्डा लोकसभा सीट पर भी समिति के सदस्य जाएंगे और वहां की जीत की जानकारी लेंगे।

### टेबल टेनिस : पुरुष वर्ग में शिवाजी व महिला वर्ग में अर्चिता चैंपियन

रांची, सूत्रकार

हजारीबाग में आयोजित प्रथम रैंकिंग झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन सह पुरस्कार वितरण रविवार को हुआ। पुरुष वर्ग में शिवाजी एवं महिला वर्ग में अर्चिता चैंपियन बने। महिला वर्ग में अर्चिता देने रांची की निर्मला कुमारी करकी को 4-0 (11-7, 11-2, 12-10, 11-6) से जबकि पुरुष वर्ग के कड़े मुकाबले में बोकारो के शिवाजी राय ने रांची के शत्रुंजय चक्रवर्ती को 4-2(13-11, 11-5, 7-11, 11-3, 8-11, 13-11) से मात दी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, विशिष्ट अतिथि विनोद झुनझुनवाला, झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के मुख्य संरक्षक जयकुमार सिन्हा, सचिव समरजीत सिंह, रामगढ़ जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया।

### अंजुमन जाफरिया ने रातू रोड कब्रिस्तान में लगाये 50 पौधे



रांची, सूत्रकार

अंजुमन जाफरिया के तत्वावधान पर रविवार को रातू रोड कब्रिस्तान में पौधारोपन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मस्जिद ए जाफरिया के इमाम मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने किया। उनकी देख रेख में कब्रिस्तान में करीब 50 पौधे लगाये गये। पौधों में सागवान, शिशम, आम, कटहल, अनार आदि शामिल हैं।

मौलाना तहजिबुल हसन ने कहा कि आज के समय में पेड़ पौधे जीवन के अहम अंग में से एक हैं। इसलिए हर एक नागरिक को पौधा जरूर लगाना चाहिये, क्योंकि पौधे ही जीवन है, पौधे हैं, तो हरयाली है, अच्छी हरियाली से वातावरण अच्छा होता है और हम सभी को ऑक्सीजन मिलता है। इस लिये पौधे जरूर लगाने चाहिये, इन्हें लगाने के साथ इनकी अच्छी देख भाल भी जरूरी है। ताकि ये कल छायादार दरख्त में बदल सके। इसे सफल बनाने में संस्था के फराज अब्बास ने अहम भूमिका निभाई।

### जस्टिस अम्बुज नाथ ने किया अपना घर का उद्घाटन

रांची, सूत्रकार

श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम, पुंदाग में रविवार को अपना घर का शुभारंभ हुआ। साथ ही 21 निराश्रितों को ममता की छांव के साथ अपना घर की सौगात भी मिल गयी। इस मौके के साक्षी बनने को विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और व्यवयायी संगठनों के पदाधिकारी भी स्वयं को रोक न सके, सेवा भावना की डोर से बंध खिंचे चले आये। हाईकोट के जस्टिस सहित आला अधिकारी भी अतिथि बन भागीदारी निभायी। दिन के 11 बजे संत सदानंद जी के सान्निध्य में समारोह शुरू हुआ। हाईकोर्ट के न्यायाधीश अम्बुज नाथ ने विधिवत इसका उद्घाटन किया। पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि, मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय और डीसी राहुल कुमार सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज करायी। अतिथियों ने कहा कि यह सेवा भावना मील का पत्थर साबित होगा। हमारी जब भी जरुरत हो, निःसंकोच बतायें, हरसंभव मदद करूंगा। डॉ माधुरी भारद्वाज ने बताया कि संतश्री के सार्थक पहल से देशभर में आठ आश्रम पहले से संचालित किये जा रहे हैं, राजधानी में यह नौवां अपना घर है। उन्होंने बताया कि यहां शारीरिक और मानसिक रूप से असहायों को चिकिसा से लेकर जीवन उपयोगी सारी सुविधाएं मुफ्त दी जायेगी।

# चोरों के निशाने पर सेल सिटी, सुरक्षा में चूक से सोसाइटी वाले हुए परेशान

रांची, सूत्रकार

राजधानी रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र में स्थित सेल सिटी में एक दर्जन गार्ड तैनात होने के बावजूद चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। सेल सिटी सोसाइटी में चोरी की वारदात ना तो पुलिस रोक पा रही है और न ही निजी गार्ड। इस बार तो चोरों ने सेल के रिटायर जीएम के यहां ही चोरी कर डाली है। रांची स्थित सेल सिटी एक ऐसी सोसाइटी है जिसमें कई आईपीएस, आईएएस, डीएसपी के साथ साथ कई अन्य विभागों के अफसर रहते हैं, लेकिन लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बाद सेल सिटी विवादों में है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया के रिटायर जीएम बसंत कुमार के द्वारा लिखे गए एक पत्र ने



पूरे सेल सिटी सोसाइटी की सुरक्षा की पोल खोल कर रख दी है। दरअसल बसंत कुमार की सास का देहांत हो गया था, जिसकी वजह से वह अपने सेल सिटी स्थित फ्लैट में ताला बंद कर पत्नी के साथ पटना चले गए। शनिवार की रात उनके पड़ोसी ने उन्हें फोन कर बताया कि आपके फ्लैट का ताला टूटा पड़ा है। वीडियो कॉल के माध्यम से जब पड़ोसी रिटायर जीएम के फ्लैट के अंदर गए तो देखा कि अंदर के एक कमरे का दरवाजा टूटा पड़ा है, कमरे के अंदर रखा अलमीरा भी टूटा पड़ा था। अलमीरा में रखे सभी कीमती गहने भी गायब थे। चोरी की वारदात के बाद रिटायर जीएम ने पुंदाग ओपी को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस भी मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। सेल से रिटायर जीएम बसंत कुमार अपने घर में चोरी को लेकर बेहद तनाव में हैं। बसंत कुमार के अनुसार रांची लौटने के बाद ही यह पता चलेगा कि कितने मूल्य के गहने चोरी किए गए हैं। बसंत कुमार के अनुसार कोई भी इंसान सोसाइटी फ्लैट में इसलिए घर लेता है ताकि सुविधा और सुरक्षा मिल सके। लेकिन कशिश बिल्डर की लापरवाही भरे रवैया के कारण सोसाइटी में रहने वाले लोगों के बीच भारी आक्रोश है। इससे पहले भी सोसाइटी में एक डॉक्टर के यहां चोरी हो चुकी है। कई बार चोरी के अटेम्प्ट किए गए हैं। जिस सोसाइटी में एक दर्जन से अधिक गार्ड तैनात हो अगर वहां भी चोरी हो जाए तो फिर यह चिंता का विषय है। जबकि अपनी सुरक्षा और सुविधाओं के लिए फ्लैट में रहने वाले 100 से ज्यादा लोग हर महीने बिल्डर को मेंटेनेंस फी भी देते हैं। वहीं दूसरी तरफ पुंदाग ओपी प्रभारी ने बताया कि सेल सिटी स्थित एक फ्लैट में चोरी की घटना हुई थी, जिसे लेकर तहकीकात की जा रही है। चोरी की घटना शनिवार के दिन की ही है, पुलिस को रात में जानकारी मिली है। मकान मालिक पटना गए हैं उनके आने के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की जाएगी।

न्यूज फ्लैश

## रामगढ़ पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार
### पेट्रोल पंप पर गोलीबारी और रंगदारी मांगने का है आरोप



**रामगढ़, सूत्रकार**

पतरातू में पेट्रोल पंप गोलीबारी और व्यवसायी से रंगदारी मांगने वाले अपराधियों को रामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों विकास तिवारी गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। पेट्रोल पंप पर गोलीबारी 6 जून को और व्यवसायी प्रेम पांडेय से रंगदारी 9 जून को मांगी गई थी। पुलिस ने दो सप्ताह के अंदर दोनों मामले में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। रामगढ़ एसपी डॉ विमल कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फरार अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा



**पलामू, सूत्रकार**

उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि एमएमसीएच या अन्य सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को एमएमसीएच के आसपास सक्रिय बिचौलियों द्वारा निजी अस्पतालों में इलाज के लिए जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, इस कुप्रथा को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अलावा अगर इस कार्य में किसी सरकारी डॉक्टर की भूमिका पाई गई तो उसके खिलाफ भी सीधी कार्रवाई की जाएगी।

## बीडीओ की बेटी ने सरकारी क्वार्टर में आत्महत्या कर ली

**लोहरदगा, सूत्रकार**

जिले के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी की बेटी ने सरकारी क्वार्टर में आत्महत्या कर ली। इस घटना से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पेशरार थाना को दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। लोग इस बात से हैरान हैं कि प्रखंड विकास पदाधिकारी की बेटी ने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया। पेशरार प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की की बेटी तमन्ना झरना तिर्की ( 18 वर्ष ) ने आत्महत्या की है। घटना शनिवार देर शाम की बताई जा रही है। शनिवार देर रात अपने क्वार्टर लौटने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पेशरार थाना को दी। सूचना मिलने के बाद पेशरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी समेत कई प्रशासनिक अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे। सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण लोगों को इसकी जानकारी रविवार को हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, तमन्ना झरना तिर्की ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। तमन्ना किसी की शादी में अपने गांव गई थी। जहां से वह परसों ही लौटी थी। इसी बीच शनिवार की देर शाम उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। हालांकि फिलहाल किसी भी स्तर से इसकी पुष्टि नहीं हो रही है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी है। इस मामले में किस्को सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

## यूपी का इनामी गांजा तस्कर पलामू से गिरफ्तार

**पलामू, सूत्रकार**

यूपी का इनामी गांजा तस्कर झारखंड के पलामू से गिरफ्तार हुआ है। 2021 में उत्तर प्रदेश के फतेहपुर के इलाके में 20 क्विंटल से अधिक गांजा बरामद हुआ था। इस छापेमारी में मास्टरमाइंड फरार हो गया था। गांजा तस्करी का आरोप पलामू के लेस्लीगंज के रहने वाले विश्वनाथ तिवारी पर लगा था। वो 2021 से फरार था। यूपी पुलिस ने पलामू के लेस्लीगंज से विश्वनाथ तिवारी को गिरफ्तार किया। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि यूपी पुलिस इलाके में पहुंची थी। स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।

## ट्रक से टकराया ट्रेलर, चालक गंभीर रूप से घायल



**सरैयाहाट, सूत्रकार**

एनएच 133 में सरैयाहाट थाना क्षेत्र के भलुआमोड़ के पास ट्रक-ट्रेलर की टक्कर में ट्रेलर चालक बुरी तरह से घायल हो गया है। उसकी हालत गंभीर बनी है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर ने ट्रक को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। हादसे में ट्रेलर का केबिन ट्रक में घुस गया था। ट्रेलर का चालक उसी में फंस गया था। किसी तरह घंटों मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया। एंबुलेंस से घायल को सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। केबिन से निकालते वक्त पैर कई जगह टूट गया है। चालक कोडरमा जिला का कुरमा मोड़ निवासी 28 वर्षीय राजेश यादव है। झपकी आने पर हादसा हो गया।

## जमनी गांव के पास व्यक्ति का शव बरामद

**काठीकुंड, सूत्रकार**

काठीकुंड पुलिस ने साहिबगंज-गोविंदपुर मुख्य मार्ग स्थित काठीकुंड थाना क्षेत्र के जमनी गांव के पास 40 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया। पहचान थाना क्षेत्र के तुर्कापहाड़ी निवासी दीनू देहरी के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया था। थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार ने बताया कि शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद चल पायेगा। मृतक की पत्नी की छह वर्ष पूर्व ही मृत्यु हो चुकी है। वह अपने पीछे अपने छह साल के लड़के व अपने वृद्ध पिता को छोड़ गया।

# चेकडैम में नहाने के क्रम में दो बहनें डूबी, एक की मौत

**गुमला, सूत्रकार**

गुमला जिले के पालकोट प्रखंड स्थित उत्तरी भाग पंचायत के शाही चट्टान गांव की दो सगी बहनें रविवार की सुबह गांव के चेकडैम में नहाने के दौरान डूब गयी। इस हादसे में छोटी बहन अंजेला कुल्लू ( 7 ) की मौत हो गयी। वहीं अलमा कुल्लू ( 12 ) गंभीर है। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों बच्चियों को चेकडैम से बाहर निकाला गया और आनन फानन में उन्हें सीएचसी पालकोट में भरती कराया गया। जहां चिकित्सक नहीं होने के कारण नर्स द्वारा इलाज के क्रम में अंजेला कुल्लू की मौत हो गयी। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि बसिया थाना क्षेत्र के कोनबीर भंडारटोली गांव निवासी जोहन कुल्लू की दो बेटी अलमा कुल्लू व अंजेला कुल्लू दोनों नाना नानी के घर शाही चट्टान मेहमान आये थे। दोनों बहनें



रविवार की दोपहर गांव के बगल चेकडैम में नहाने गयी थी। उसी क्रम में दोनों बहने चेकडैम में नहाते हुए गहरे पानी के तरफ चले गये और डूबने लगे। इसी बीच ग्रामीणों को किसी ने सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से दोनों बहनों को चैकडेम से निकालकर सीएचसी में भरती कराया गया। परंतु, एक बच्ची की मौत हो गयी। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को कोई भी चिकित्सक नहीं थे। दोनों बहनों को नर्सो द्वारा इलाज किया गया। इस दौरान अंजेला कुल्लू की मौत हो गयी। इधर बड़ी बहनें अलमा कुल्लू को परिजनों द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल गुमला में भरती कराया गया। जहां पीड़ित का इलाज चल रहा है। इधर छोटी बच्ची अंजेला कुल्लू की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं अस्पताल से डॉक्टर के गायब रहने से लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर अस्पताल में डॉक्टर रहते तो बच्ची की जान बचायी जा सकती थी। लोगों ने यह भी कहा है कि इससे पहले भी अस्पताल से अक्सर डॉक्टर गायब रहते हैं। परंतु, गुमला प्रशासन द्वारा कभी जांच नहीं किया गया और न ही कभी कोई कार्रवाई की गयी। पालकोट के लोगों के साथ यहां के डॉक्टर जान से खेल रहे हैं।

## पिस्टल की नोंक पर महिला से दुष्कर्म के आरोपी को जेल

**चतरा, सूत्रकार**

झारखंड की चतरा पुलिस ने उधार नहीं चुकाने पर पिस्टल की नोंक महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी बलजीत यादव (पिता-बिहारी महतो) राजपुर थाना क्षेत्र के गड़िया गांव का रहने वाला है। उस पर गांव के ही एक महिला ने उधार नहीं चुकाने पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।

पीड़िता ने महिला थाने में आवेदन देकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस संबंध में महिला थाना कांड संख्या 9/24 के तहत मामला दर्ज किया गया। एसडीपीओ संदीप कुमार सुमन ने दल बल के साथ शनिवार की शाम गड़िया गांव पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार किया। चतरा जिले के इस मामले में पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने बलजीत यादव से 20 हजार उधार लिया था। हर माह ब्याज के साथ पैसे दे रहे थे। इसके बावजूद आरोपी घर पहुंच कर तरह-तरह की धमकी दे रहा था। साथ ही मोबाइल नंबर मांगा, जब वह अपने पति का नंबर देना चाही, तो धमकी देने लगा। डर कर उसने अपना नंबर दे दिया। मोबाइल नंबर देने के बाद हर रोज फोन कर विभिन्न जगहों पर बुलाता था, लेकिन कहीं नहीं गयी। 18 मई की शाम सात बजे बलजीत उसके घर पर आया और पिस्टल दिखा कर दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद इसकी जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने डर कर पति को घटना की जानकारी दी। पति के साथ 22 मई को महिला थाना पहुंच कर आवेदन दिया। महिला थाना प्रभारी ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करने के बजाय आरोपी को नोटिस भेजा। आरोपी पर कार्रवाई नहीं हुई तो 13 जून को फिर थाना जाकर न्याय की गुहार लगायी, जहां से उसे भगा दिया गया। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ा। इसके बाद 14 जून को मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## एनडब्ल्य जीईएल चर्च में एक दिवसीय बाइबल क्लास का हुआ समापन



**रांची, सूत्रकार**

हेडक्वार्टर मंडली युवा संघ के तत्वाधान में रविवार को एनडब्ल्यु जीईएल चर्च में एक दिवसीय बाइबल क्लास का आयोजन किया गया। जिसका मूल उद्देश्य सफलता का रहस्य था। इसमें आर्च बिशप राइट रेव्ह राजीव सतिश टोप्पो रेव्ह यीशु नासरी मिंज, रेव्ह फिलोमोन तिग्गा, रेव्ह पईकस खेस शामिल हुए। दीप प्रज्लिच कर कार्यक्रम शुरू की गई। सबसे पहले परमेश्वर की अराधना की गई। तीन खंड में कार्यक्रम आयोजित हुआ। विश्वासियों को बताया गया कि सफलता परमेश्वर में छिपा है। यही उनकी संगति में आयेंगे तो ही सफलता मिलेगी। रेव्ह अनुज टोप्पो ने दूसरा खंड में प्रवचन दिया और कहा कि परमेश्वर ने हमें अपनी महिमा के लिए चुना है। परमेश्वर की सेवा का मतलब कुछ पाना नहीं होता है,बल्कि पूरा जीवन ईश्वर को समर्पित करना होता है। तीसरे खंड में पईकस खेस ने विश्वसियों को पिता के बारे में बताया। मौके पर सुनैना एक्का, अर्चना मिंज, उपासना टोपनो, प्रवीण कुजूर, निशांत मिंज, श्रेया तिर्की, उमंग मिंज समेत सैकड़ों विश्वासी मौजूद थे।

# गिरिडीह पुलिस के हत्थे चढ़े जमशेदपुर के दो क्रिमनल

**गिरिडीह, सूत्रकार**

गोली मारकर हत्या, फिरौती, लूट जैसी आपराधिक घटना को अंजाम देने वाले जमशेदपुर के दो शातिर अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने 25 किलोमीटर तक खदेड़ कर गिरफ्तार किया। पकड़े गए अपराधियों में मो सफिक अली ( जमेशदपुर के मानगो थाना क्षेत्र निवासी ) और राशिद हुसैन (जमशेदपुर जिला के उलीडीह थाना क्षेत्र निवासी ) शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार जमशेदपुर के आजाद नगर थाना प्रभारी राजेश कुमार दास ने गिरिडीह एसपी को सूचित किया कि क्षेत्र से टाटा सूमो वाहन की चोरी कर अपराधी गिरिडीह की तरफ भागे हैं। इस सूचना के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा ने तुरंत ही जिले के सभी थाना को अलर्ट किया। इस बीच यह जानकारी मिली कि अपराधी गिरिडीह शहरी इलाके में

**22 किमी तक खदेड़ कर पुलिस ने किया गिरफ्तार**



प्रवेश करने वाले हैं और इनलोगों ने पपरवाटांड के पास बैरियर भी तोड़ दिया है। एसपी ने तुरंत ही नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेश प्रसाद और बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह को अलर्ट करते हुए अपराधियों को वाहन समेत दबोचने का निर्देश दिया। एक तरफ नगर थाना प्रभारी ने वाहन का पीछा करना शुरू किया तो चोरी के सूमो को लेकर अपराधी बेंगाबाद तरफ भागने लगे। ऐसे में बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने टोल प्लाजा के समीप घेराबंदी कर दी। सामने पुलिस को देख अपराधी वापस गिरिडीह शहर की तरफ भागे। ऐसे में दोनों थाना की पुलिस ने घेर लिया और बरगंडा के पास दोनों अपराधी पकड़े गए। पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ हुई तो इनका आपराधिक इतिहास भी सामने आया। पता चला कि सफिक अली के खिलाफ जमशेदपुर के मानगो में आर्म्स एक्ट, आजाद नगर में फायरिंग का मुकदमा, उलीडीह में लूट तो बोडाम में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। जबकि राशिद हुसैन के खिलाफ उलीडीह में फायरिंग, हत्या और रंगदारी तो एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मामला दर्ज हैं। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि जमशेदपुर से टाटा सूमो की चोरी कर फरार हुए अपराधियों को नगर व बेंगाबाद थाना प्रभारी की टीम ने दबोचा है। चोरी का सूमो भी बरामद कर लिया गया है। इन अपराधियों के खिलाफ जमशेदपुर में पहले से गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# रामगढ़ में ट्रक और बाइक की भिड़ंत, मां बेटी की मौत, दामाद की हालत गंभीर

**रामगढ़, सूत्रकार**

जिले के छत्तरमांडू स्थित व्यवहार न्यायालय के समीप एनएच-23 पर ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें बाइक सवार मां बेटी की मौत हो गई और मृतक महिला का दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंच कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दोनों गाड़ियों को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार रजरप्पा कडराडी से चुरचू जुमरी बेलगड्डा बाइक पर सवार होकर पति पत्नी और सास जा रहे थे। इसी दौरान छत्तरमांडू स्थित व्यवहार न्यायालय के समीप एनएच-23 धर्मकांटा के पास



ट्रक ने बाइक सवार तीनों को बुरी तरह अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें सास मूर्ति टुडू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बेटी सूरजमुनि सोरेन दामाद सोनाराम मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोग और पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। दोनों घायलों को रामगढ़ सदर अस्पताल इलाज के लिए ले गए, जहां इलाज के दौरान बेटी सूरजमनि सोरेन की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल सोनाराम मुर्मू को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी। मौके पर पेट्रोलिंग पुलिस को भेजा गया था। उन्होंने खुद मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को कब्जे में लेकर हटाया,। घटनास्थल पर ही एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि एक महिला की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हो गई। दोनों महिलाओं के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फादर्स डे मनाया गया

**रांची, संवाददाता**



सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के प्रांगण में फादर्स डे आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने पिता के निःस्वार्थ प्रेम के प्रति आभार व्यक्त किया, बच्चोंने अपने पिता को हस्तनिर्मित कार्ड भेंट कर पितृ-संतान के अनमोल बंधन को प्रगाढ़ बनाया।

इस अवसर पर विद्यालय द्वारा वर्चुअल सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्रों ने अपनी सहभागिता दर्शाई। बच्चों ने अपने पिता के साथ टग ऑफ वॉर खेल में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभिभावकों ने आज के दिन के महत्व को अपने बच्चों से साझा किया। स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए अभिभावकों के लिए एक योग सत्र भी आयोजित किया गया। अभिभावकों ने प्रधानाचार्या के संग पौधारोपण अभियान में भी भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने अभिभावकों का स्वागत किया। प्राचार्या ने छात्रों को याद दिलाया कि उन्हें, माता-पिता के निस्वार्थ प्रेम, समर्थन और बलिदान के लिए हमेशा आभारी रहना चाहिए। उन्होंने उन सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने में अपनी भागीदारी निभाई।

# आचार्य की महिमा विचार से भी अधिक है : मोरारी बापू

**गिरिडीह, सूत्रकार**

जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल मधुबन की पावन धरती पर मोरारी बापू के नौ दिवसीय रामकथा के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रविवार की सुबह 10.30 बजे जैसे ही मोरारी बापू कार्यक्रम स्थल पहुंचे तो पूरा स्थल जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारा से गूंज उठा। संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ से शुरूआत हुई। मोरारी बापू ने हनुमान जी के भजन के साथ कथा की शुरुआत की। उन्होंने जैनियों के 24 तीर्थकंरों में से 20 तीर्थकरों के मोक्ष प्राप्त करने वाले भगवान को नमन किया। उन्होंने कहा कि आचार्य की महिमा विचार से भी अधिक है। जो आचारविहीन व्यक्ति है, उसे विचार भी ठीक नहीं कर सकता। विनय ही सबसे बड़ा आचार है। हमें सत्य का आचरण करने की जरूरत है। गिरिडीह जिले के मधुबन में आयोजित रामकथा में मोरारी बापू ने कहा कि सत्य का विचार करें। कभी-कभी मन में ऐसा समय आता है जब सिर्फ सत्य ही आपके विचार में आता है, लेकिन आप सत्य नहीं बोल पाते है, लेकिन कभी-कभी संसार के सुख के लिए लोगों के मन से झूठ निकल जाता है। भगवान बुद्ध को जब पूछा गया कि आप सब कुछ छोड़ कर निकल गये, ये ठीक किया तो भगवान बुद्ध ने यह कहा कि मैं अभी सत्य के मार्ग पर निकला हूं। जब सत्य मेरे आचरण में आ जाये, तभी कुछ कहूंगा। कहा कि आपके गुरु आपको जो कहें उसे प्रसन्नता पूर्ण स्वीकार करें। भगवान श्री राम ने त्रेता युग में परिश्रम कर सेतु बनाया। दान को तप कहा गया है। अगर आप किसी भूखे को अन्न खिलाते हैं, तो वह भी एक तप है क्योंकि आप भूखे को अन्न देने के लिए भी तप करते हैं। आप किसी को



आहार देते हैं वह भी एक तप है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने कहा है कि गुरु की महिमा अपरंपार है। गुरु जो भी आज्ञा दें उन्हें बिना संकोच करना चाहिए। अहिंसा पर विस्तार से अपना बातें रखीं। कहा कि जैन परंपरा का प्रथम सूत्र अहिंसा है। इस दौरान परमधर्म की व्याख्या भी की। हम मन से किसी के बारे में बुरा नहीं सोंचे यह भी अहिंसा है। हमें किसी के प्रति ईर्ष्या, निंदा, द्वेष आदि का भाव नहीं रखना चाहिए। मोरारी बापू ने कहा कि आज गंगा दशहरा है। उन्होंने गंगा माता का भजन जय जय भगीरथ नंदिनि, मुनि-चय चकोर चंदनि, नर-नाग-बिबुध-बंदिनि जय जहनु बालिका गीत के माध्यम से गंगा दशहरा का महत्व बताया। कहा कि कैलाश ने हमें सबसे महत्वपूर्ण चीज दी है, वह है गंगा। कैलाश है तो हम हैं। भगवती गंगा तरल है। मोरारी बापू ने नाथ शब्द की विशेषता को बताते हुए कहा कि नाथ शब्द बहुत ही पवित्र है। उजाला होने से अंधेरा स्वयं हट जाता है। उन्होंने कहा कि रामकथा का एक-एक अक्षर पापों का नाश करता है। राम नाम ही महिमा आपार है। राम राम जपने से क्रोध कम हो जाता है और राग का नाश होता है। भगवान शंकर ने राम नाम बोलते हुए विष पान किया था। भगवान राम की भक्ति वर्षा रूपी है। मोरारी बापू के रामकथा सुनने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु मधुबन पहुंचे हुए हैं। रविवार की सुबह से ही यहां श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। बाहर से आये श्रद्धालुओं के होटल में रहने के साथ-साथ भोजन की भी व्यवस्था आयोजन समिति के सदस्यों ने की है। देश-विदेश से श्रद्धालुओं के आने मधुबन के बाजार के दुकानदार काफी खुश हैं, क्योंकि उनकी बिक्री भी बढ़ गयी है। रविवार को गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मधुबन स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे। श्री सोनू एक घंटा मोरारी बापू का प्रवचन सुना। उन्होंने कहा कि वे सोशल मीडिया और टीवी चैनलों में उनका प्रवचन सुनते आ रहा हूं। कहा कि दूसरे दिन मोरारी बापू ने अपने कथा में मां गंगा के साथ-साथ 24 तीर्थकरों में से 20 तीर्थकरों के निर्वाण से जुड़ी कई बातें कहीं, जिसे सुन कर मन को शांति मिली। मकर संक्राति मेला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भजनों की अमृत वर्षा हुई। वातानुकूलित पंडाल में श्रद्धालु कथा का रसपान कर रहे हैं। वहीं पंडाल में भगवान श्री राम की भव्य और आकर्षक प्रतिमा भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रह रही है। मोरारी बापू ने श्री राम, जय राम, जय-जय राम समेत अन्य भजन गाकर माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय कर दिया। भजन सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गये। नेपाल के काठमांडू के कमलेश कुमार लाल करन ने कहा कि पिछले कई वर्षों से बापू की रामकथा सुन रहा हूं। जहां भी कथा होती है, वहां पहुंचने की कोशिश करता हूं। जनकपुर नेपाल में रहता हूं, लेकिन, बापू की रामकथा सुनने कहीं भी चला जाता हूं। रामकथा के सुमिरन से पूरे परिवार का कल्याण हुआ है। बापू की कथा सुनने के बाद मन को शांति मिलती है। नेपाल के जनकपुर के पुष्पा कर्ण ने कहा कि राम नाम के सुमिरन से ही सब बिगड़े काम पूरे हो जाते हैं।

संपादकीय

## निशाने पर चुनाव, जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं का यही कारण है

जम्मू-कश्मीर में पिछले दिनों एक के बाद एक चार आतंकी हमलों ने सुरक्षा बलों और सरकारी हलकों में ठीक ही चिंता जगाई है। ये हमले न सिर्फ आतंक के पैटर्न में बदलाव का संकेत हैं बल्कि देश-दुनिया को यह संदेश देने की भी कोशिश है कि कश्मीर में सब कुछ ठीक नहीं है।

यह संयोग नहीं हो सकता कि इन हमलों की शुरूआत के लिए 9 जून की तारीख को चुना गया। वह दिन जब लोकसभा चुनावों के बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने नया कार्यकाल शुरू किया। जाहिर है, जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न होना और उसमें लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखना आतंकवादी तत्वों को रास नहीं आया। यह अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद पहला चुनाव था। अब 30 सितंबर से पहले वहां विधानसभा चुनाव करवाए जाने हैं। आतंकवादियों और उनके आकाओं का अगला लक्ष्य चुनाव की प्रक्रिया में जहां तक हो सके बाधा पहुंचाना ही हो सकता है।

सुरक्षा बलों ने आतंकियों की नकेल कसने के जो प्रयास पिछले कुछ वर्षों में किए हैं, उनका असर आतंकी घटनाओं में आई कमी में ही नहीं, आतंकियों की लगातार बदलती रणनीति में भी दिखती है। पहले आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग का सहारा लेते हुए आम लोगों को निशाना बनाने की कोशिश की, जो उनके लिए सॉफ्ट टारगेट हो सकते थे। अब घाटी में सुरक्षा बलों के कड़े बंदोबस्त को देखते हुए जम्मू के उन इलाकों में गतिविधियां बढ़ाई गई हैं जो लंबे समय से शांत और आतंकवाद से मुक्त माने जाते रहे हैं।

## सरकार का साथ, कुवैत हादसे ने पीछे छोड़े कई सवाल

कुवैत के मंगाफ शहर की छहमंजिला इमारत में लगी आग से मृतकों की बड़ी संख्या तो परेशान कर ही रही है, जिन हालात में यह घटना हुई, उससे भी कई तरह के सवाल खड़े हुए हैं।

शुरूआती खबरों के मुताबिक, उस इमारत में 195 लोग रह रहे थे जो एक ही कंपनी के वर्कर थे। बताया जा रहा है कि ज्यादातर मौतें धुएं के कारण दम घुटने से हुई। इस मामले में आगे की जांच चल रही है, लेकिन कुवैत सरकार के मुताबिक पहली नजर में इस हादसे की वजह तय मानदंडों का उल्लंघन है। कुवैत के उप-प्रधानमंत्री शेख फहद यूसुफ अल-सबह ने कहा कि कंपनी मालिकों के लालच के कारण यह घटना हुई।

इस घटना ने एक बार फिर काम के लिए विदेश जाने वाले भारतीयों की जीवनदशा का सवाल सामने कर दिया है। कुवैत में भी मानवाधिकार समूह यह मसला उठाते रहे हैं। कुवैत के लिए यह ज्यादा जरूरी मुद्दा इसलिए भी है कि इसकी आबादी का करीब दो तिहाई हिस्सा विदेश से आने वाले मजदूरों का है। यहां की इकॉनमी इन प्रवासी मजदूरों पर निर्भर है।

इस घटना के पीड़ितों में सबसे ज्यादा भारतीयों का होना कोई इत्तफाक नहीं है। यहां की कुल आबादी का 21% और कुल वर्कफोर्स का 30% हिस्सा भारतीय समुदाय ही है। भारतीयों के इतनी बड़ी संख्या में वहां जाने के पीछे एक बड़ा कारण है वहां होने वाली बचत। एक कुवैती दीनार की कीमत भारतीय मुद्रा में मौजूदा विनिमय दर के मुताबिक 272 रुपये से ज्यादा बैठती है। निम्न व मध्यम श्रेणी के कार्यों के लिए वहां औसत मासिक वेतन 1000 से 3000 कुवैती दीनार है, जो भारतीय मुद्रा में 75000 से 225000 रुपये हो जाता है।

अच्छी बात यह रही कि भारत सरकार ने इस मामले में तत्परता दिखाई। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए उच्चस्तरीय बैठक बुलाकर स्थिति की समीक्षा की बल्कि दोनों सरकारों के बीच भी पूरी तरह तालमेल दिखा। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी फौरन कुवैत रवाना हो गए ताकि घायलों के इलाज का जायजा ले सकें। सरकार के स्तर पर इस तरह की तत्परता विदेश में रह रहे भारतीयों के बीच यह भरोसा बनाए रखने में मदद करती है कि उनका देश संकट की घड़ी में हमेशा साथ खड़ा रहेगा।

लेकिन घटना के बाद की यह प्रतिक्रिया काफी नहीं है। वहां रह रहे भारतीयों की जीवनदशा ठीक रहे इस पर भी कुवैत सरकार के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है ताकि ऐसी घटनाओं की आशंका न रहे।

## डाटा इकट्ठा करती सरकार

अहाते में सरकार को लेकर चर्चा चल रही है। चर्चा क्योंकि अहाते में चल रही है, किसी बड़े होटल या क्लब में नहीं चल रही है, इसलिए आप समझ सकते हैं कि चर्चा में आम आदमी शामिल है। आम आदमी को क्लब की मेंबरशिप नहीं मिलती। आम आदमी के पास बड़े होटल में जाकर सरकार के बारे में चर्चा करने के लिए न तो ज्यादा वक्त होता है, न ही जेब में पैसे होते हैं। आम आदमी अहाते में काफी कंफर्टेबल रहता है। ज्यादा से ज्यादा सौ रुपए में वहां अच्छी सिटिंग हो जाती है। थोड़ा थकान भी उतर जाती है। थोड़ा माइंड भी रिलैक्स हो जाता है, और फिर रिलैक्स मूड में थोड़ी चर्चा भी हो जाती है। चर्चा का विषय कुछ भी हो सकता है। इस बार चर्चा सरकार पर हो रही है। एक ही टेबल की दोनों तरफ लगी कुर्सियों में सात-आठ लोग चर्चा में शामिल हैं। दो-चार घूंट भरने के बाद एक शख्स को यह गिला है कि आज सरकार नाम की कोई चीज देखने को नहीं मिल रही। बस भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। महंगाई देखने को मिल रही है। भाई-भतीजावाद देखने को मिल रहा है। भाषणबाजी सुनने को मिल रही है। लेकिन सरकार दिखाई नहीं दे रही। दूसरा शख्स पहले शख्स की बात काटते हुए कहता है कि अभी-अभी जो चुनाव हुए, उसमें सरकार पूरी तरह से दिखाई दे रही थी। चुनाव की पिछली रात को जो दारू हमारे गांव में बांटी गई, उसमें सरकार का बहुत बड़ा योगदान था। सरकार की जानकारी के बिना दारू बंट नहीं सकती थी, क्योंकि सुरक्षा प्रबंध बहुत कड़े थे। तीसरे सज्जन ने कहा कि सरकार सिर्फ चुनावों के दौरान दिखाई देती है और उसके बाद लंबी तानकर कुंभकर्ण की नींद सो जाती है।

इस चुनाव में सरकार ने बहुत भाग दौड़ की थी। प्रचंड गर्मी में इधर से उधर दौड़ लगाई थी। अब सरकार बुरी तरह थक जाने के बाद सो रही है और जल्दी ही जब फिर चुनाव आएंगे तो सरकार जाग जाएगी। चौथा शख्स अपने विचार व्यक्त करते हुए बोला, जब सरकार सो जाती है तो अफसर जाग जाते हैं। उनकी आउटपुट टापम-टॉप हो जाती है। फाइलें धड़ाधड़ अप्रूव हो जाती हैं। लेकिन जब सरकार जाग जाती है तो फिर अफसर सो जाते हैं, क्योंकि वे भी काफी थक चुके होते हैं। यह व्यवस्था का नियम है कि सरकार और अफसर एक साथ नहीं सो सकते। एक को जागे रहना पड़ता है। वरना देश में विकास थम जाएगा। जन कल्याण का एजेंडा रुक जाएगा। अराजकता जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। पांचवां शख्स आखिरी घूंट भीतर उंडेल कर गिलास एक तरफ रखते हुए कहता है कि सरकार के बारे में गलत प्रचार किया जा रहा है। आप सब लोगों की सरकार को लेकर धारणा बिल्कुल गलत है। सरकार इस वक्त बहुत एक्टिव है। उसे जनता की बहुत चिंता है। वायदे पूरे करने की भी चिंता है। सरकार चिंतामग्न होकर पूरी तरह काम में डटी हुई है।

सरकार न दिन देख रही है, न रात देख रही है। उस पर काम करने का भूत सवार है। यह भूत उसका पीछा नहीं छोड़ रहा। भूत और सरकार दोनों मिलकर काम को अंजाम दे रहे हैं। छठा शख्स ताव में आकर कहता है, कौनसे काम को अंजाम दिया जा रहा है? एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। पब्लिक को बेवकूफ बनाकर रखा है। सातवां शख्स बड़े विनम्र अंदाज में कहता है कि गारंटियां घर बैठे पूरी नहीं हो जाती। इसके लिए पूरा डाटा इका करना पड़ता है। सरकार के पास अभी तक कोई डाटा नहीं है। जब डाटा ही नहीं है तो सरकार बेचारी क्या करे? देश चलाने के लिए डाटा इका करना बहुत जरूरी होता है। यह बात अब सरकार को समझ आ गई है। इसलिए सरकार बाकी के सारे कामकाज छोडकर सिर्फ डाटा इका कर रही है। सरकार को अपना काम करने देना चाहिए। हमें सरकार के कामकाज पर उंगली नहीं उठानी चाहिए।

# कांग्रेस हार से उपजी निराशा पर जीत हासिल कर ली है

**'आपने चुनावों के दौरान अक्सर देखा होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राहुल गांधी को शहजादा बताते हुए उन पर हमले करते हैं लेकिन राहुल गांधी पिछले लगभग एक-डेढ़ साल से जिस साधारण तरीके से रह रहे हैं उसके चलते इस बार के चुनावों में 'शहजादा' शब्द ने उन्हें नुकसान नहीं पहुँचाया। 2014 से पहले नरेंद्र मोदी की छवि साधारण नेता की और राहुल गांधी की छवि युवराज की थी लेकिन अब मोदी के सूट-बूट पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस ने उनकी छवि अमीर और उद्योगपतियों के समर्थक की और राहुल गांधी की छवि 'जननायक' की बना दी है। लेकिन यह सब इतना आसान नहीं रहा। राहुल गांधी को 'पप्पू' वाली छवि से बाहर निकालने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम ने दिन-रात काम किया और आखिरकार उन्हें सफलता मिल गयी। बताया जाता है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रचार का काम कांग्रेस ने मार्केटिंग और कम्युनिकेशन फर्म तीन बंदर को दिया था। राहुल गांधी की यह दोनों यात्राएं प्रचार की दृष्टि से तो काफी सफल रहीं ही साथ ही उनकी छवि भी एक गंभीर राजनेता की बनाने में मददगार साबित हुईं।'**

नीरज कुमार दुबे

लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद खुशियां मना रही कांग्रेस पर तंज कसते हुए भाजपा ने पूछा था कि लगातार तीसरी बार सत्ता से दूर रही कांग्रेस आखिर किस बात का उत्सव मना रही है? देखा जाये तो भाजपा का सवाल वाजिब था क्योंकि तीन चुनावों से कांग्रेस तीन अंकों में सीटें हासिल नहीं कर पा रही है फिर भी उत्सव ऐसे मना रही है जैसे उसका कोई बड़ा मिशन पूरा हो गया हो। आप 2014 से 2024 तक के तीन लोकसभा चुनाव परिणामों का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि इस बार कांग्रेस को वाकई जश्न मनाना ही चाहिए क्योंकि सत्ता से दूर रह जाने के बावजूद यह भी सही है कि कांग्रेस को इस बार बड़ी जीत मिली है। दरअसल कांग्रेस ने लगातार हार से उपजी निराशा पर जीत हासिल कर ली है। पिछले दस सालों से कांग्रेस मुक्त भारत अभियान जिस तेजी से चला था उससे ऐसा लग रहा था कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी शायद जल्द ही लुप्तप्राय हो जाये लेकिन कांग्रेस की शानदार वापसी ने उसके समर्थकों और कार्यकताओं को जोश से भर दिया है।

इसके अलावा भाजपा ने राहुल गांधी को पप्पू करार देकर उन्हें पूरी तरह से विफल घोषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन राहुल गांधी ने पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का नेतृत्व करते हुए अपनी रणनीति से भाजपा को कई जगह उसके गढ़ों में ऐसी मात दी है जोकि भगवा खेमे को हमेशा सालती रहेगी। भारतीय राजनीतिक इतिहास को देखेंगे तो पाएंगे कि विपक्षी नेता के रूप में राहुल गांधी ने बहुत कुछ सहा है। उनकी छवि पप्पू यानि कम बुद्धि वाले नेता की बना दी गयी थी। यही नहीं, उनकी राष्ट्रभक्ति पर भी सवाल उठाये गये। लोकसभा चुनावों से पहले उनके विदेशी दौरों को सवालों के घेरे में लाते हुए उन पर आरोप लगाये गये कि वह विदेशों में अपने संबोधनों के जरिये देश की छवि खराब कर रहे हैं। चुनावों के दौरान राहुल गांधी के तमाम पुराने वीडियो के अंश निकाल कर उनकी समझ पर सवाल उठाये जा रहे थे। राहुल गांधी बाइक मैकेनिक से मिलें तो सवाल, राहुल गांधी बढ़ई से मिलें तो सवाल, राहुल गांधी ट्रक ड्राइवरों से मिलें तो सवाल, राहुल गांधी छात्रों से मिलें तो सवाल। ऐसा माहौल बना दिया गया था कि राहुल गांधी हर धंधे में हाथ आजमाना चाहते हैं क्योंकि वह राजनीति में सफल नहीं हो पाये। लेकिन लोकसभा चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया कि राहुल गांधी राजनीति में सफल और स्थापित, दोनों हो गये हैं। राहुल गांधी की इस सफलता को सोशल मीडिया पर 'पप्पू पास हो गया' की संज्ञा दी जा रही है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि पप्पू पास कैसे हो गया? यदि आप राहुल गांधी की पिछले एक-डेढ़ साल की राजनीतिक गतिविधियों का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि उन्होंने परीक्षा करीब आने पर ही पढ़ने जैसी आदत छोड़कर साल के शुरू से ही परीक्षा की तैयारी में जुटने वाले छात्र का आचरण अपना लिया है।कांग्रेस ने अगर अपनी लोकसभा सीटों की संख्या में लगभग 50 का इजाफा किया है तो इसमें राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का भी अहम योगदान है। इन दोनों यात्राओं के जरिये राहुल गांधी ने जब देश के विभिन्न कोनों की समस्याओं को करीब से समझा और जनता से सीधी मुलाकात कर उनके मन की बात जानी तो इससे उनमें खुद भी बड़ा परिवर्तन आया और जनता के बीच उनकी छवि में भी सुधार हुआ। राहुल गांधी जब अपनी यात्राओं के दौरान पैदल चलते हुए आम लोगों से बात करते थे तब लोगों को समझ आया कि राहुल गांधी कम बुद्धि वाले नेता नहीं हैं जैसा कि आमतौर पर उन्हें दशार्या जाता है। इसके अलावा, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से अब तक की उनकी तमाम तस्वीरों को देख लीजिये उनमें सिर्फ उनकी विदेश यात्रा को छोड़ दें तो बाकी तस्वीरों में आपको यही लगेगा कि वह अपनी लुक पर ध्यान देने की बजाय साधारण तरीके से रहने में विश्वास करने लगे हैं और आम जन के बीच उन्हीं की तरह रहना और दिखना चाहते हैं। आप अगर राजनीतिक इतिहास उठा कर देखेंगे तो पाएंगे कि जनता के बीच साधारण तरीके से रहने वाले नेता बहुत लोकप्रिय होते हैं। राहुल गांधी जिस तरह टी-शर्ट और पैंट में ही रहते हैं और चाहे सर्दी हो या गर्मी, उनका लुक एक जैसा ही रहता है उसका बड़ा असर मतदाताओं पर पड़ा है।

आपने चुनावों के दौरान अक्सर देखा होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राहुल गांधी को शहजादा बताते हुए उन पर हमले करते हैं लेकिन राहुल गांधी पिछले लगभग एक-डेढ़ साल से जिस साधारण तरीके से रह रहे हैं उसके चलते इस बार के चुनावों में 'शहजादा' शब्द ने उन्हें नुकसान नहीं पहुँचाया। 2014 से पहले नरेंद्र मोदी की छवि साधारण नेता की और राहुल गांधी की छवि युवराज की थी लेकिन अब मोदी के सूट-बूट पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस ने उनकी छवि अमीर और उद्योगपतियों के समर्थक की और राहुल गांधी की छवि 'जननायक' की बना दी है। लेकिन यह सब इतना आसान नहीं रहा। राहुल गांधी को 'पप्पू' वाली छवि से बाहर निकालने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम ने दिन-रात काम किया और आखिरकार उन्हें सफलता मिल गयी। बताया जाता है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रचार का काम कांग्रेस ने मार्केटिंग और कम्युनिकेशन फर्म तीन बंदर को दिया था। राहुल गांधी की यह दोनों यात्राएं प्रचार की दृष्टि से तो काफी सफल रहीं ही साथ ही उनकी छवि भी एक गंभीर राजनेता की बनाने में मददगार साबित हुईं। इसी मार्केटिंग फर्म ने कांग्रेस के प्रचार अभियान को धार देते हुए चुनावों के दौरान ऐसे-ऐसे स्लोगन बनाये जोकि लोगों की जुबान पर चढ़ गये। साथ ही कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुछ उद्योगपतियों के करीब होने की बात कहते हुए ऐसा प्रचार अभियान चलाया कि लोगों को लगने लगा कि एक दो उद्योगपतियों को ही देश के सारे संसाधन सौंपे जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की उद्योगपतियों के साथ पुरानी तस्वीरों को ऐसे वायरल कराया गया कि छोटे शहरों और गांवों में लोगों को लगने लगा कि मोदी सरकार सिर्फ उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। जिस समय प्रधानमंत्री की उद्योगपतियों की या सूट बूट में तस्वीर पोस्ट की जाती थी उसके कुछ ही देर बाद किसी गरीब को गले लगाये या माथे पर चंदन लगा कर ध्यान लगाते हुए राहुल गांधी की तस्वीर पोस्ट की जाती थी। यानि जिस तरह मोदी ने अपनी ब्रैंड इमेज बनाई ठीक उसी तरह राहुल गांधी ने भी अपनी ब्रांड इमेज बनाई।

इसके अलावा, जिस समय पूरा देश अयोध्या में राम मंदिर बनने की खुशी में उत्सव मना रहा था और ऐसा लग रहा था कि राम लहर में भाजपा वाकई में इस बार चुनावों में 400 सीटों के पार चली जायेगी तभी राहुल गांधी की टीम ने भाजपा पर संविधान को बदलने और लोकतंत्र को खत्म करने की चाल चलने जैसे आरोप लगाने शुरू कर दिये। इन आरोपों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कुछ सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों की मदद भी ली गयी। उनसे भी वीडियो बनवाये गये और आखिरकार यह टीम जनता के मन में यह बात बिठाने में सफल रही कि अगर मोदी 400 सीटों के साथ सत्ता में वापस आये तो संविधान बदल देंगे। प्रधानमंत्री चुनावों में बार-बार कह रहे थे कि उनका अगला कार्यकाल और भी बड़े फैसलों वाला होगा। इसे इस रूप में दशार्या गया कि अगला बड़ा फैसला आरक्षण खत्म करने का होगा। यह बात लोगों के मन में बिठाने के लिए डीपफेक वीडियो बनवाये गये जिसे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी शेयर कर भ्रम फैलाने का काम किया। जब कांग्रेस ने यह देखा कि प्रधानमंत्री उनकी चाल समझ गये हैं और इस ओर से लोगों का ध्यान हटाने के लिए मंगलसूत्र और मुजरा जैसे शब्दों का उपयोग कर रहे हैं तब कांग्रेस ने दूसरी चाल चलते हुए कुछ ऐसे चुनावी जुमले पेश किये जिसमें कही जा रही बातों पर बड़ी संख्या में मतदाताओं ने यकीन कर लिया।

दरअसल, कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने का वादा किया था। इसके अलावा युवाओं से 'पहली नौकरी पक्की' जैसा महत्वपूर्ण वादा किया था। साथ ही कांग्रेस ने देश में जाति जनगणना करवाने और अग्निवीर योजना को रद्द करने का वादा भी किया था। कांग्रेस ने जब यह देखा कि उसके घोषणापत्र में किये गये वादे जनता तक ठीक से पहुँच नहीं पा रहे हैं तो 'खटाखट, फटाफट' जैसे शब्दों का उपयोग कर मतदाताओं का ध्यान आकर्षित किया गया। यह शब्द लोगों के कानों में गूंजते रहे और राहत पाने के उद्देश्य से लोगों ने कांग्रेस की झोली वोटों से भर दी। इसके अलावा कांग्रेस ने चुनावों के दौरान 'मेरे विकास का हिसाब दो' और 'सब कुछ ठीक नहीं है' जैसे प्रचार अभियानों के जरिये भी भाजपा को घेरने में सफलता हासिल की। कांग्रेस के पूरे प्रचार अभियान पर नजर डालेंगे तो लगेगा कि सिर्फ कंटेंट के मामले में ही नहीं बल्कि टाइमिंग के हिसाब से भी पार्टी की प्रतिक्रिया जोरदार रही।

# भारत सहित विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे है अपने स्वर्ण भंडार

**भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है। वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है।**

प्रह्लाद सबनानी

समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं। पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है। वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं। कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है।

भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है।

वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है। अतः अब भारत को अपने स्वर्ण भंडार बेचने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी इसलिए भी भारत ने ब्रिटेन में स्टोर किए गए अपने स्वर्ण भंडार को भारत में वापिस लाने का निर्णय किया है।

विश्व में आज विभिन्न देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने पास स्वर्ण के भंडार भी बढ़ाते जा रहे हैं। आज पूरे विश्व में अमेरिका के पास सबसे अधिक 8133 मेट्रिक टन स्वर्ण के भंडार है, इस संदर्भ में जर्मनी, 3352 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ दूसरे स्थान पर एवं इटली 2451 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ तीसरे स्थान पर है। फ्रांस (2437 मेट्रिक टन), रूस (2329 मेट्रिक टन), चीन (2245 मेट्रिक टन), स्विजरलैंड (1040 मेट्रिक टन) एवं जापान (846 मेट्रिक टन) के बाद भारत, 812 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ विश्व में 9वें स्थान पर है। भारत ने हाल ही के समय में अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करना प्रारम्भ किया है एवं यूनाइटेड अरब अमीरात से 200 मेट्रिक टन स्वर्ण भारतीय रुपए में खरीदा था। हाल ही के समय में चीन का केंद्रीय बैंक भारी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण की खरीद कर रहा है। कुछ अन्य देशों के केंद्रीय बैंक भी अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने में लगे हैं। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण के दामों में बहुत अधिक वृद्धि देखने में आई है और यह 2400 अमेरिकी डॉलर प्रति आउंस तक पहुंच गई है।

कई देश संभवतः अपने विदेशी मुद्रा के भंडार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में स्वर्ण भंडार को अधिक महत्व दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर अधिक निर्भरता से कई देशों को आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ रहा है। यदि अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत हो रहा हो तो उस देश की मुद्रा का अवमूल्यन होने लगता है। इससे उस देश में वस्तुओं का आयात महंगा होने लगता है और उस देश में मुद्रा स्फीति के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इन विपरीत परिस्थितियों में घिरे देश के लिए स्वर्ण भंडार बचाव का काम करते हैं। इसलिए आज लगभग प्रत्येक देश के केंद्रीय बैंक अपने स्वर्ण भंडार को बढ़ाने के बारे में विचार करते हुए नजर आ रहे हैं।

## सरकार के साथ मजबूत विपक्ष भी समझे जिम्मेवारी

महेश नवमी ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। यह नवमी माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति का दिन है। माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति भगवान शिव के वरदान स्वरूप मानी गई है। महेश नवमी ह्यमाहेश्वरी धर्मह्व में विश्वास करने वाले लोगों का प्रमुख त्योहार है। इस पावन पर्व को हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाना प्रत्येक माहेश्वरी का कत्र्तव्य है और समाज उत्थान व एकता के लिए अत्यंत आवश्यक भी हैङ्ग

**माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति :** ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को महेश नवमी या महेश जयंती का उत्सव माहेश्वरी समाज द्वारा मनाया जाता है। यह उत्सव महेश यानी शिव और माता पार्वती की आराधना को समर्पित है। महेश यानी शंकर, जो त्रिदेवों- ब्रह्मा, विष्णु, महेश में से एक हैं। ऐसी मान्यता है कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष के नवें दिन भगवान शंकर की कृपा से माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी।

**धार्मिक महत्व :** महेश नवमी के दिन भगवान शंकर और पार्वती की विशेष आराधना की जाती है। समस्त माहेश्वरी समाज इस दिन भगवान शंकर और पार्वती के प्रति पूर्ण भक्ति और आस्था प्रगट करता है। जगत कल्याण करने वाले भगवान शंकर ने जिस तरह क्षत्रिय राजपूतों को शिकार छोडकर व्यापार या वैश्य कर्म अपनाने की आज्ञा दी, यानी हिंसा को

### चिंतन-मनन

छोडकर अहिंसा के साथ कर्म का मार्ग बताया, इससे महेश नवमी का यह उत्सव यही संदेश देता है कि मानव को यथासंभव हर प्रकार की हिंसा का त्याग कर जगत कल्याण, परोपकार और स्वार्थ से परे होकर कर्म करना चाहिए।

**शिव की कृपा :** धर्मग्रंथों के अनुसार माहेश्वरी समाज के पूर्वज पूर्वकाल में क्षत्रिय वंश के थे। शिकार के दौरान वह ऋषियों के शाप से ग्रसित हुए। किंतु इस दिन भगवान शंकर ने अपनी कृपा से उन्हें शाप से मुक्त कर न केवल पूर्वजों की रक्षा की, बल्कि इस समाज को अपना नाम भी दिया। इसलिए यह समुदाय ह्यमाहेश्वरीह्व नाम से प्रसिद्ध हुआ, जिसमें महेश यानी शंकर और वारि यानी समुदाय या वंश। भगवान शंकर की आज्ञा से ही इस समाज के पूर्वजों ने क्षत्रिय कर्म छोडकर वैश्य या व्यापारिक कार्य को अपनाया। इसलिए आज भी माहेश्वरी समाज वैश्य या व्यापारिक समुदाय के रूप में पहचाना जाता है। माहेश्वरी समाज के 72 उपनामों या गोत्र का संबंध भी इसी प्रसंग से है।

**बोध चिन्ह व प्रतीक :** महेश स्वरूप में आराध्य भगवान शिव पृथ्वी से भी ऊपर कोमल कमल पुष्प पर बेलपत्ती, त्रिपुंड्र, त्रिशूल, डमरू के साथ लिंग रूप में शोभायमान होते हैं। भगवान शिव के इस बोध चिह्न के प्रत्येक प्रतीक का अपना महत्त्व है। पृथ्वी : पृथ्वी गोल परिधि में है, परंतु भगवान महेश ऊपर हैं अर्थात पृथ्वी की परिधि भी जिन्हें नहीं बांध सकती, वह एक लिंग भगवान महेश संपूर्ण ब्रह्मांड में सबसे ऊपर हैं। त्रिपुंड्र : इसमें तीन आड़ी रेखाएं हैं जो कि संपूर्ण ब्रह्मांड को समाए हुए हैं। एक खड़ी रेखा यानी भगवान शिव का ही तीसरा नेत्र, जो कि दुष्टों के दमन हेतु खुलता है। यह त्रिपुंड भस्म से ही लगाया जाता है, जो कि देवाधिदेव महादेव की वैराग्य वृत्ति के साथ ही त्यागवृत्ति की ओर इंगित करता है तथा आदेश देता है कि हम भी अपने जीवन में हमेशा त्याग व वैराग्य की भावना को समाहित कर समाज व देश का उत्थान करें। त्रिशूल : विविध तापों को नष्ट करने वाला एवं दुष्ट प्रवृत्ति का दमन कर सर्वत्र शांति की स्थापना करता है।

**माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति :** ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को महेश नवमी या महेश जयंती का उत्सव माहेश्वरी समाज द्वारा मनाया जाता है। यह उत्सव महेश यानी शिव और माता पार्वती की आराधना को समर्पित है। महेश यानी शंकर, जो त्रिदेवों- ब्रह्मा, विष्णु, महेश में से एक हैं। ऐसी मान्यता है कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष के नवें दिन भगवान शंकर की कृपा से माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी।

आपके पत्र

## विवादों में नीट परीक्षा परिणाम

इस साल नीट परीक्षा विवादों में है। नीट परीक्षा परिणाम को लेकर सरकार और नीट आयोजित करने वाली संस्था पर घोटाले और गड़बड़ी का आरोप लगाया जा रहा है। लोग सडकों पर उतर कर नीट परीक्षा दोबारा कराने की मांग कर रहे हैं। अब इस पर भी सियासत होने लगी है। वहीं जिन बच्चों ने परीक्षा पास की है वो अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है, तो सुप्रीम कोर्ट ने पूरी परीक्षा रद्द करने की मांग को गलत बताया है।

शिक्षा मंत्री ने कहा है कि सरकार छात्रों के साथ है और इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई भी होगी, लेकिन इसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना गलत है। अब देखना यह होगा कि सरकार इस विषय में क्या कदम उठाती है ताकि भविष्य में छात्रों के साथ ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और पढ़ाई से उनका ध्यान न भटके।

-श्रेया शर्मा, पलामू

न्यूज फ्लैश

## बालू-पत्थर के अवैध खनन की सूचना देने पर मिलेगा पुरस्कार

**पटना, एजेंसी**

राज्य में बालू और पत्थर सहित लघु खनिजों के अवैध खनन और ढुलाई की सूचना देने और इस आधार पर छापेमारी सफल होने के बाद सूचना देने वाले आम लोगों को पुरस्कार दिया जायेगा। इसकी मंजूरी खान एवं भूतत्व विभाग ने दे दी है। इसके अनुसार छापेमारी सफल होने और ट्रैक्टर पकड़े जाने पर पांच हजार रुपये और ट्रक सहित अन्य बड़े वाहनों के पकड़े जाने पर 10 हजार रुपये तक संबंधित जिला के डीएम के अनुमोदन के बाद सूचना देने वाले को पुरस्कार के रूप में दिया जायेगा। इसी प्रकार छापेमारी दल के लिए भी सफल कार्रवाई पर प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है। इसके अनुसार ट्रैक्टर पकड़े जाने पर 2000 रुपये, ट्रक सहित अन्य बड़े वाहनों के पकड़े जाने पर 4000 रुपये तक प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। यह राशि जिला के डीएम के अनुमोदन के बाद छापेमारी दल में शामिल सभी कर्मियों के बीच बराबर-बराबर विभाजित करके दी जायेगी। मुंगेर जिले में पकड़े गये 46 वाहन : मुंगेर जिले में दिनांक नौ जून 2024 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कुल 46 वाहनों को पकड़ा गया। इसमें से 40 वाहन बिना इ-चालान के पाये गये साथ ही छह वाहन इ-चालान के साथ, परन्तु ओवरलोड पाये गए। उक्त जप्त वाहनों पर लगभग एक करोड़ 42 लाख रुपये का शमन शुल्क लगाया गया है। साथ ही साफिया सराय और हेमजापुर थाने में कुल 46 प्राथमिकियां दर्ज की गयी हैं। पटना जिले में पकड़े गये पांच वाहन : पटना जिला में बालू की अवैध ढुलाई की सूचना पर छापेमारी के क्रम में संयुक्त दल ने 11 जून, 2024 को कार्रवाई की। इस दौरान पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र में अवैध ढुलाई और ओवरलोडिंग में संलिप्त कुल पांच वाहनों को जब्त किया गया।

## नीट परीक्षा : गिरफ्तार सिकंदर यादवेंदु ने कबूला परीक्षा से पहले बच्चों को रटवाया गया प्रश्न पत्र

**पटना, एजेंसी**

नीट पेपर लीक मामले की ईओयू की 9 सदस्यीय एसआईटी जांच कर रही है। जांच में प्रतिदिन चौंकाने वाले मामले सामने आ रहे हैं। अभी तक अभ्यर्थी आयुष ने ही कबूल किया था कि परीक्षा के एक दिन पहले उसे प्रश्न पत्र रटवाया गया। अब गिरफ्तार परीक्षा माफिया 56 वर्षीय दानापुर नगर परिषद का जूनियर इंजीनियर सिकंदर यादवेंदु ने भी पेपर लीक में अपनी भूमिका कबूल की है।

सिकंदर ने किया बड़ा खुलासाः सिकंदर ने कबूल किया है कि सभी अभ्यर्थियों को 9:00 बजे के बाद सीधे गाड़ी से परीक्षा केंद्र ही छोड़ा गया। इधर आर्थिक अपराध इकाई का कहना है कि जांच में रोज नए तथ्य सामने आ रहे हैं। टीम को परीक्षा माफिया नगर नौसा के संजीव मुखिया, हिलसा के पिंटू, राकेश रंजन उर्फ रॉकी, करायपरसुराय के चिंटू उर्फ बलदेव, दीदारगंज के आशुतोष, नीतीश यादव, मनीष प्रकाश और नीतीश पटेल उर्फ अभिमन्यु की तलाश जारी है। एसआईटी की छापेमारी लगातार जारी है।

सॉल्वर गैंग से जुड़े 11 अभ्यर्थीः इधर जांच में यह भी सामने आया है कि चिंटू के मोबाइल पर 5 मई की सुबह नीट परीक्षा का प्रश्न पत्र उत्तर के साथ उपलब्ध हो गया था। वहीं अब एनटीए से 11 अभ्यर्थियों की जानकारी मिलने के बाद ईओयू ने सभी को नोटिस भेज दिया है। यह सभी बिहार के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं और आशंका है कि यह सॉल्वर गैंग से जुड़े हुए हैं। ईओयू ने सभी को सोमवार और मंगलवार का समय देते हुए पटना दफ्तर में उपस्थित होने को कहा है। वही एक बार फिर से ईओयू जेल भेजे गए सभी 13 लोगों, जिसमें से परीक्षा माफिया कर अभ्यर्थी और तीन अभिभावक शामिल हैं, उन्हें दोबारा डिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है।

## नवादा में बालू माफियाओं का आंतक, छापेमारी करने गए एएसआई को ट्रैक्टर से रौंदा

**नवादा, एजेंसी**

बिहार में बालू माफियाओं का हौसला इस कदर बुलंद है कि नवादा में एएसआई को ट्रैक्टर से कुचल दिया। मामला जिले के सिरदला थानाक्षेत्र का है। जहां अवैध बालू खनन रोकने गए थाने के एएसआई को बालू माफियाओं ने ट्रैक्टर से रौंद दिया है। गंभीर हालत में उनको पीएमसीएच रेफर किया गया है। जख्मी एएसआई की पहचान संजीत कुमार के रूप में की गई है।

बालू माफिया ने एएसआई को कुचलाः बताया गया है कि सिरदला थानाक्षेत्र के लौंद गांव के पास अवैध रूप से बालू खनन और परिवहन किए जाने की सूचना सिरदला थाने को मिली था। जिसके बाद थाने के एएसआई संजीत कुमार ट्रैक्टर को रोक कर पकड़ना चाहा, तभी बालू माफिया ने एएसआई पर ही बालू लदा ट्रैक्टर चढ़ाकर भाग निकला। दुर्घटना में एएसआई संजीत कुमार बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है।

बालू माफिया की गिरफ्तारी के लिए टीम गठितः इस घटना के बाद रजौली डीएसपी की अगुवाई में एक टीम गठित की गई है, जो आरोपी बालू माफियाओं की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक ट्रैक्टर के मालिक और चालक को चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## जल्द होगी रोलबॉल के ईस्ट जोन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी**

पटना के दानापुर रेलवे कॉलोनी स्थित ओबीसी सभाकक्ष में बिहार राज्य में रोलबॉल खेल के विकास के लिए सेमिनार हुआ।अलग-अलग जिलों से 50 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। सभी ने सुझाव रखे। इस खेल के विस्तार के लिए सभी जिलों में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देना होगा। साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भी जल्द कराने की जरूरत है। इसके साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता, ईस्टजोन चैम्पियनशिप के आयोजन पर भी विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश मणि ने व मंच संचालन राष्ट्रीय प्रशिक्षक सौरभ ने किया। इस सेमिनार में भोला थापा, राहुल, अरविंद, अवकाश, बिंदु, विक्की, नीतिश राय, साहिल, ध्रुव, पीयूष, आर्यन, कृष, स्पर्श अभी, आशुतोष राणा, प्रशांत, उत्तम, सोनू, मोनू, कामली आदि मौजूद रहे।

## मुंगेर के लोगों को साल के अंत तक मिलेगा 100 बेड का मॉडल अस्पताल

**मुंगेर, एजेंसी**

मुंगेर सदर अस्पताल पिछले दो वर्ष से 100 बेड के मॉडल अस्पताल का आस लगाये बैठा है। लेकिन बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था का दंश झेल रहे लोगों को अब जल्द ही लगभग 32।5 करोड़ की लागत से बन रहे 100 बेड के अत्याधुनिक मॉडल अस्पताल का लाभ मिलने की उम्मीद है। मॉडल अस्पताल का निर्माण कर रहा बीएमआइसीएल दिसंबर तक स्वास्थ्य विभाग को मॉडल अस्पताल हैंडओवर कर देगा। इससे मुंगेर वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

मुंगेर मॉडल अस्पताल जहां पूर्ण सुविधाओं से लैस होगा। वहीं यह पूर्ण रूप से वातानुकूलित होगा। मॉडल अस्पताल की तीन मंजिला इमारत का प्रत्येक फ्लोर सेंटरलाइज एसी से लैस होगा। जबकि यहां एक ही जगह सभी प्रकार की जांच जैसे पैथोलॉजीकल, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, ईसीजी आदि की व्यवस्था होगी। इससे मरीजों को जांच के लिये अलग-अलग जगह जाने की जरूरत नहीं होगी। वहीं इसमें बच्चों के इलाज के लिए भी एक अलग से वार्ड होगा, जहां दवा से लेकर जांच तक की सभी सुविधा सुलभ होगी।

100 बेड के मॉडल अस्पताल में मारपीट, सड़क दुर्घटना, गन शॉट जैसे मामलों के लिए अलग से अत्याधुनिक ट्रामा वार्ड होगा। इसमें इन मामलों के घायलों को इलाज के लिए भर्ती किया जायेगा। साथ ही इस वार्ड के लिए अलग से विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी होगी। जबकि वार्ड में मरीजों को ओटी तक ले जाने के लिए भी स्लोप की सुविधा होगी। इससे घायलों को आसानी से ओटी तक ले जाया जा सकेगा।

# पटना में गंगा नदी में पलटी नाव, एक ही परिवार के 17 लोग डूबे, 13 को किया रेस्क्यू, 4 लापता

**पटना, एजेंसी**

पटना के बाढ़ क्षेत्र में गंगा दशहरा के दिन बड़ा हादसा हुआ है। गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ हर जगह रविवार को उमड़ी रही। वहीं बाढ़ क्षेत्र में गंगा में एक नाव पलटने की घटना घटी है। नाव हादसा उमानाथ घाट के पास हुई है। घाट पर मौजूद लोगों का कहना है कि बड़ी संख्या में लोग उस नाव में सवार थे। अचानक नाव अनियंत्रित होकर गंगा में पलट गयी। जिससे कई लोग तैरकर बाहर आए जबकि कई लोग लापता हैं जिनकी खोज में प्रशासन ने एसडीआरएफ को लगाया है।

गंगा दशहरा के दिन बड़ा हादसा मिल रही जानकारी के अनुसार, गंगा दशहरा के दिन श्रद्धालु बड़ी तादाद में गंगा स्नान करने के लिए यहां जुटे थे। गंगा के दोनों तरफ श्रद्धालुओं का तांता यहां लगा हुआ था। गंगा में कई नावें भी चल रही थीं और लोग इसपार से उसपार आ-जा रहे थे। इसी दौरान एक नाव अनियंत्रित हो गयी और बीच गंगा में डूब गयी। उमानाथ घाट के पास इस हादसे की सूचना है।

**दर्जन भर से अधिक लोग नाव पर थे सवार, 4 लापता :** घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों का कहना है कि नाव पर करीब 15 लोग चढ़े हुए थे। बीच धार में जाकर नाव पलट गयी। इस दौरान कई लोगों ने तैरकर व स्थानीय लोगों की मदद से अपनी जान भी बचायी। प्रशासन ने 4 लोगों के लापता होने की पुष्टि अबतक की है। जिनका खबर लिखे जाने तक कोई अता-पता नहीं चल सका है। नाव पलटने के बाद ये चारो लोग खुद को नदी से बाहर नहीं निकाल पाए।

**महिला व पिता-पुत्र समेत 4 लोग लापता :** लापता लोगों की



पहचान अवधेश कुमार 60 वर्ष , उनके पुत्र नीतीश कुमार 30 वर्ष, हरदेव प्रसाद 65 वर्ष और एक महिला के रूप में हुई है। सभी गंगा स्नान करने के लिए नाव पर सवार होकर गंगा पार दियारा की ओर जा रहे थे। नाव पर 15 लोगों के सवार होने की सूचना है।

**गंगा में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी :** वहीं नाव पलटने की खबर से घाट किनारे स्नान कर रहे श्रद्धालुओं में भी हड़कंप मच गया। इधर प्रशासन को इस घटना की जानकारी मिली तो टीम एक्शन में आयी। मिली जानकारी के अनुसार, गंगा में लापता हुए लोगों की खोज जारी है। पटना के डीएम और बाढ़ के एसडीएम शुभम भी मौके पर पहुंचे हैं। एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में लगी है और गंगा में तलाशी जारी है। घटना की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

**लापता लोगों के घर में मचा कोहराम :** बता दें कि गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान के लिए तमाम गंगा घाटों पर अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हुई है। इसके लिए जिलों में प्रशासन ने भी विशेष तैयारी की है। घाटों पर नहाने वाले श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से मना किया गया है। हालांकि कई जगहों पर लापरवाही भी देखी गयी। वहीं बाढ़ में गंगा स्नान करने के लिए आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचे थे। इस नाव हादसे की वजह से कई घरों में कोहराम मचा हुआ है।

# बिहार में मौत से हाहाकार 24 घंटे में 18 लोगों की मौत

## प्रचंड गर्मी के कारण चलते-चलते दम तोड़ रहे लोग

**पटना, एजेंसी**

बिहार में गर्मी का कहर जारी है। बाते 24 घंटे में ही 18 लोगों की मौत हो गई। बिहार के हर जिले के सरकारी अस्पताल में लू की वजह से काफी लोगों का इलाज चल रहा है। सबसे ज्यादा भयावह स्थिति औरंगाबाद की है, यहां अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हैं।

छपरा और गया में तीन मौतः बताया जा रहा है कि लू लगने से छपरा और गया में तीन लोगों की मौत हुई है। जिसमें सारण के भगवान बाजार में एक मजदूर और मुकरेड़ा पंचायत में युवक ने जान गवां दी है। वहीं गर्मी की वजह से कई लोगों की तबीयत खराब हो गई है, जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

मुंगेर और लखीसराय में गर्मी ने ली जानः बता दें कि मुंगेर में हीट वेव से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पर रहा है। इस दौरान बीते शनिवार को एक युवक की गर्मी से मौत हो गई। मृतक की पहचान मुंगेर के सुजाबलपुर निवासी मो। मोइन के 23 वर्षीय पुत्र गुड्डू के रूप में हुई है।



उधर लखीसराय में शनिवार को गर्मी ने एक 54 वर्षीय किसान की जान ले ली है। किसान बड़हिया प्रखंड के प्रतापपुर गांव का रहने वाला था।

जहानाबाद और रोहतास में भी गई जानः जहानाबाद और रोहतास में भी लू लगने से एक-एक मौत सामने आई है। जहानाबाद के हुलासगंज थाना क्षेत्र के सुकियावां मुसहरी गांव निवासी कारू मांझी की गर्मी ने जान ले ली है। वहीं रोहतास में भी एक की मौत सामने आई है, जिसके पीछे का कारण परिजन हीट वेव बता रहे हैं।

इन जिलों में भी हुई मौतः बता दें कि लू लगने से नालंदा में 2 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही गोपालगंज में भी एक यात्री की मौत हुई है। वो गोमतीनगर एक्सप्रेस में सफर कर रहा था, हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से यात्री की तबीयत खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया। उधर आरा के नवादा थाना क्षेत्र में भी एक रिक्शा चालक की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई है। वहीं पटना के पुनपुन में भी एक युवक लू का शिकार हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# 19 जून को फिर बिहार आएंगे पीएम मोदी, नीतीश भी कार्यक्रम में होंगे शामिल

**पटना, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के बाद 10 दिनों के अंदर ही बिहार का दौरा कर रहे हैं। अभी हाल ही में जी7 की बैठक में भाग लेने इटली गए थे, उससे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और उड़ीसा के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए हैं। वहीं, अब बिहार का पहला दौरा हो रहा है। पीएम मोदी नालंदा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में देश-विदेश के स्टूडेंट्स को संबोधित भी करेंगे।

19 जून को बिहार आएंगे पीएम मोदीः जो जानकारी मिल रही है, उसके मुताबिक पीएम मोदी की राजगीर यात्रा बनारस से शुरू होगी। वे 19 जून को बनारस एयरपोर्ट से 8।30 बजे गया के लिए उड़ान भरेंगे। गया एयरपोर्ट पर उनका 9।15 बजे आगमन होगा। इस दौरान गया एयरपोर्ट से ही पुनः 09 बजकर 20 मिनट पर उनका हेलिकाप्टर नालन्दा जिला के लिए उड़ान भरेगा। जहां नालन्दा जिला के राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय नालन्दा विश्वविद्यालय परिसर में बने हेलिपैड पर उनका हेलिकाप्टर 9 बजकर 50 मिनट पर लैंड करेगा।

नालन्दा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में होंगे शामिलः हेलिपैड से वे अपने काफिले के साथ विवि कैंपस



के सड़क मार्ग से मुख्य समारोह स्थल सुषमा स्वराज ऑडिटोरियम में 10 बजे पहुंचेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी समारोह के दौरान नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित कैंपस का विधिवत उदघाटन करेंगे। इस दौरान 10 बजे से 11:30 बजे तक के बीच आयोजित कुल डेढ़ घंटे के समारोह में पीएम मोदी शिरकत करेंगे।

पहली बार आएंगे राजगीरः पीएम मोदी नालन्दा विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे देश-विदेश के स्टूडेंट्स को संबोधित भी करेंगे। फिर समारोह के समाप्ति के बाद 11 बजकर 45 मिनट पर पीएम मोदी हेलिकाप्टर से गया के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राजगीर में पहली बार आगमन हो रहा है।

सीएम भी होंगे प्रधानमंत्री के साथः प्रभारी डीएम वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पीएम मोदी नालंदा पहुंचेंगे। साथ ही नालंदा विवि के भग्नावशेष का भी अवलोकन करेंगे। पीएम के साथ राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य लोग भी मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री पुनः गया जाएंगे और वहां से विमान द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए यूनिवर्सिटी परिसर में तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से कहा जा रहा है कि यदि प्रधानमंत्री आएंगे तो सीएम उसमें जरूर शामिल होंगे।

# दरोगा को सिपाहियों ने पीट-पीटकर किया जख्मी

## प्राथमिकी दर्ज

**नवादा, एजेंसी**

बिहार के नवादा जिला स्थित गोविंदपुर प्रखंड के ककोलत जलप्रपात में विकास कार्यों का काम चल रहा है जिसको लेकर सैलानियों की प्रवेश पर रोक लगी हुई है। ककोलत जलप्रपात के रास्ते में वन विभाग द्वारा बैरियर लगा दिया गया है। सुरक्षा को लेकर वन विभाग पुलिस की तैनाती की गई है।

वहीं, शुक्रवार को गोविंदपुर थाना क्षेत्र के सोरहा गांव के रहने वाले पवन कुमार जो झारखंड में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं वो अपने साथियों के साथ ककोलत जलप्रपात से नहाकर लौट रहे थे। उसी दौरान वन विभाग पुलिस के साथ उनकी बकझक हो गई और बकझक मारपीट में तब्दील हो गया। जिसमें वन विभाग की पुलिस ने सब इंस्पेक्टर पवन कुमार और उनके साथियों को मारपीट कर जख्मी कर दिया।

मारपीट की सूचना स्थानीय थाना को दी गई। उसके बाद थाली थाना की पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए गोविंदपुर सीएचसी मे भर्ती कराया गया। इसके साथ ही मारपीट में घायल सब इंस्पेक्टर ने थाली थाना (जो 2022 में बनाया गया) में लिखित आवेदन देकर वन विभाग के अधिकारी और कर्मियों पर मारपीट करने व गाली गलौज करने और वाहन को लेकर चले जाने का आरोप लगाया है।

झारखंड में तैनात सब इंस्पेक्टर पवन कुमार ने अपने लिखित आवेदन में बताया है कि वो लोग ककोलत में लगे बैरियर पर तैनात वन विभाग पुलिस से पूछकर अपने साथियों के साथ ककोलत वॉटरफॉल नहाने गए। नहा कर जब वापस लौट रहे थे उसी क्रम में ककोलत गेट पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मी पैसा मांगने लगे।

मैं पैसा देने से मना किया और अपना आईडी कार्ड दिखाया और बताया कि झारखंड पुलिस में सब इंस्पेक्टर हूँ। पैसा नहीं देने पर वन विभाग के पुलिस कर्मी गाली गलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किए तो लाठी डंडे से मेरे ऊपर वार करने लगे और जान से मारने के नीयत से मेरे सिर पर लाठी से मारा। जिससे मेरा सिर फट गया। मेरे साथी बीच बचाव करने आए तो उनलोगों को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया।

पीड़ित पवन कुमार ने आगे बताया कि उनके वाहन को वन विभाग के पुलिस कर्मी साथ लेकर चले गए। जो बैरियर से लगभग दो सौ फीट की दूरी पर लगाया गया था। साथ हीं उनलोगों द्वारा मुझे धमकी भी दिया गया कि आपको हमलोग मुकदमा में फंसा कर जेल भेजवाएँगे। वही, इस विषय को लेकर अपर थानाध्यक्ष ललन कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नाबालिग छात्रा के अपहरण में शिक्षक को तीन साल की सजा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी**

नाबालिग छात्रा के अपहरण मामले की सुनवाई कर रहे विशेष पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश अमित रंजन उपाध्याय ने छात्रा को कोचिंग में पढ़ाने वाले ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के नुरी मस्जिद के पास रहनेवाले कलयुगी शिक्षक शाकिब नेयाज को तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं 20,500 रुपये अर्थ दंड की सजा सुनायी है। कोर्ट ने अलग अलग धाराओं में अलग-अलग सजा सुनायी है, जिसमें भादवि की धारा -366 में तीन वर्ष के सश्रम कारावास दस हजार रुपये अर्थ दंड, 342 एक वर्ष पांच सौ रुपये अर्थ दंड एवं पॉक्सो एक्ट की धारा -12 मे तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनायी गयी है। आरोपित 30 मार्च, 2021 से जेल में बंद है। ब्रह्मपुरा पुलिस ने शाकिब नेयाज के विरुद्ध 21 मई, 2021 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। स्पेशल पीपी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस मामले में कुल पांच गवाहों की गवाही करायी गयी थी। यह है मामला : कांटी थाना क्षेत्र की रहने वाली आठवीं की छात्रा का अपहरण कोचिंग के शिक्षक शाकिब नेयाज ने 20 मार्च, 2021 की शाम कर लिया। घटना के बाद अगले दिन पीड़ित छात्रा के पिता के बयान पर शाकिब नेयाज के विरुद्ध ब्रह्मपुरा पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस को दिये बयान में आरोपित उसे पहले नेपाल ले गया और वहां से फिर आंख बांध सीतामढ़ी लाया। आठ दिन बंधक बना कर रखा गया।

# औरंगाबाद में नाबालिग की मौत पर बवाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर उठे सवाल

**औरंगाबाद, एजेंसी**

बिहार के औरंगाबाद के नवीनगर की नाबालिग छात्रा श्रेया की मौत का रहस्य अनसुलझी पहेली बनकर रह गई है। शव मिलने के तीन दिन बीत जाने के बाद भी रहस्य से पर्दा नहीं उठ पाया है। परिवार के साथ-साथ नवीनगर के लोग भी मौत का कारण हत्या बता रहे हैं, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट कुछ और ही बता रही है। पुलिस ने इस घटना में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो नाबालिग हैं। वहीं इस मामले में अब शिवहर की सांसद लवली आनंद, पूर्व सांसद आनंद मोहन, विधायक चेतन आनंद व चेतन की पत्नी डॉ आयुषी की एंटर हो गई है। सभी ने रविवार को श्रेया के परिवार से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद जिला अतिथि गृह में आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद लवली आनंद ने कहा कि एसआइटी बनाकर मामले की जांच कर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। हत्या को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। दूध का दूध



और पानी का पानी होना चाहिए। कोई निर्दोष फंसे नहीं और दोषी बचे नहीं। प्रशासन निष्पक्षता से कार्रवाई करे। यह घटना दिल्ली की निर्भया कांड की याद दिला रही है।

पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा, ताकि समाज में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो सके। घटना की सभी बिंदुओं की निष्पक्षता से जांच करायी जायेगी। बिहार का यह निर्भया कांड है। किसी भी सभ्य समाज के माथे पर यह बदनुमा दाग है। जिस तरह से इस घटना को प्रेम प्रसंग का रंग देकर दफनाने की कोशिश हो रही है वह बेहद निंदनीय है। प्रशासनिक विफलता का यह सबूत है। यह बताता है कि सच को उजागर करने के बजाय घटना की लीपापोती हो रही है।

आनंद मोहन ने कहा कि जो तस्वीरे सामने आयी है वह विभत्स है। आखिर ऐसा कौन सी मछली है जो ओठ चबा गयी, दांत खां गयी, बाल चबा गयी। पहले स्कीन को खाना चाहिए था। सासाराम के डीएम से बातचीत हुई है। उनसे पोस्टमार्टम के दौरान का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की बात की गयी है। इस घटना में दूध का दूध व पानी का पानी होगा। विधायक चेतन आनंद ने कहा कि घटना की जितनी निंदा की जाये वह कम है। इस पर मुख्यमंत्री से बात कर कार्रवाई करने की मांग करेंगे। मामले को लोकसभा और विधानसभा में भी उठाया जायेगा।

डॉ आयुषी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल खड़ा हो रहा है। बहुत से तथ्यों को छिपाया गया है। यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। परिजनों ने आरोप लगाया की मर्डर केस को सुसाइड केस दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। यदि सुसाइड है, तो उसकी पहचान होनी चाहिए। सुसाइड है, तो 16 वर्ष की लड़की लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तय कर कैसे पहुंची। शव रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के डैम में मिलने के उपरांत गंभीरता नहीं दिखायी गयी।

पोस्टमार्टम के बाद और पहले का वीडियो दिखाया जाए

शव का पोस्टमार्टम से पहले व बाद में वीडियो दिखाया जाये, क्योंकि वहां फोर्थ ग्रेड के लोग केवल मौजूद थे। पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टर की मेडिकल टीम की सूची उपलब्ध करायी जाये। जब शव को परिजनों ने आइडेंटिफाई कर लिये फिर भी अज्ञात लिखा जाना संदेहास्पद है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने का रिपोर्ट दिया गया है जबकि शरीर पर लाल निशान मौजूद है। जहां शव बरामद हुआ है वहां डेढ़ फुट पानी का होना समझ से परे है। एसडीपीओ का प्रेस कॉन्फ्रेंस में शव का जलीय जीव का खा जाना संदेह के घेरे में है। 16 साल की लड़की को 24 साल दिखाना भी समझ से परे है।

एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने बताया कि श्रेया की मौत के पीछे कारण हत्या है या आत्महत्या इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से परिजन व वहां के लोग सहमत नहीं है। परिजन हत्या बता रहे हैं। अब तक के अनुसंधान में जिन तीन लोगों का नाम सामने आया उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### भीम आर्मी के सुप्रीमो चंद्रशेखर रावण आएंगे छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार, एजेंसी**

आगजनी और तोड़फोड़ के बाद से प्रशासन लगातार शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटी है। जबकी सियासी पार्टियां लगातार राजनीतिक रोटियां सेंकने से बाज नहीं आ रही। कांग्रेस के बाद अब यूपी की नगीना सीट से सांसद चुने गए भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर रावण छत्तीसगढ़ आने वाले हैं। अपने रायपुर दौरे को लेकर खुद चंद्रशेखर रावण खुद इस बात की जानकारी एक्स अकाउंट पर दी है। पहले कांग्रेस पार्टी की ओर से एक जांच दल बनाया गया जो प्रभावित इलाके में गया और लोगों से बात की। कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये हंगामा और आगजनी बीजेपी प्रायोजित थी। खुद भूपेश बघेल ने भी पूरी घटना के लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया। कांग्रेस के बाद बीजेपी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी बलौदाबाजार गया और घटना की जानकारी अपने स्तर से जुटाई। बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने उकसाने का काम किया है। कांग्रेस और बीजेपी के बाद अब भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर रावण रायपुर आने वाले हैं। सांसद चंद्रशेखर रावण ने कहा कि लोगों की जो शिकायत थी उसपर महीने भर तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। शांतिपूर्वक ज्ञापन देने के दौरान असामाजिक तत्वों ने हंगामा और आगजनी की। प्रशासन ने निर्दोष लोगों को बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की जो दुखद है। निर्दोष लोगों पर कार्रवाई से डर का माहौल बनाया जा रहा है। ऐसा लगता है जैसे बदले की भावना से काम किया जा रहा है। यह दमन हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। जल्द ही पीड़ित परिवारों से आकर मुलाकात करुंगा। सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन करने का अधिकार सबको है। ये कैसा आंदोलन है कि आप सरकारी संपत्ति में तोड़ फोड़ करें और आगजनी करें। ऐसा पहली बार हुआ है कि एसपी ऑफिस और कलेक्टर ऑफिस में तोड़ फोड़ किया गया है, ये गलत काम किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल कुछ भी करें जो फैक्ट है वो फैक्ट है। जिसने कानून अपने हाथ में लिया है उसे बख्शा नहीं जाएगा। सीएम विष्णु देव साय ने कहा है कि अपनी बात रखना और आंदोलन करना लोकतंत्र में उसका अधिकार है। जो लोग सरकार संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं आगजनी करते हैं उसपर कार्रवाई जरुर होगी। कोई भी राजनीतिक दल आंदोलन करें लेकिन जो सच है वो नहीं बदलेगा। सीएम ने सख्त लहजे में कहा है कि कानून तोड़ने वालों को हर हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### एम्स ऋषिकेश पहुंचेंगे योगी आदित्यनाथ

**देहरादून, एजेंसी**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एम्स ऋषिकेश पहुंचेंगे। यहां योगी आदित्यनाथ अपनी मां का हालचाल जानेंगे। योगी आदित्यनाथ की माता जी 7 जून से एम्स ऋषिकेश में भर्ती हैं। आंखों में परेशानी होने के कारण उनकी माता जी यहां भर्ती है। जिरियाट्रिक वार्ड में योगी आदित्यनाथ की मां का उपचार चल रहा है। मां का हालचाल लेने के बाद यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रुद्रप्रयाग सड़क हादसे में घायल लोगों से भी मुलाकात करेंगे। रुद्रप्रयाग सड़क हादसे में घायल लोगों को कल एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश में भर्ती करवाया गया है। बता दें रुद्रप्रयाग सड़क हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार ने किया मुआवजे का ऐलानः उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग में हुई वाहन दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने गंभीर रूप से घायलों को 40-40 हजार और सामान्य घायलों को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं।

### पंजाब : एक और कैबिनेट मिनिस्टर की शादी

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की शादी के बाद पंजाब की एक और मंत्री की रविवार को शादी हो गई। कैबिनेट मंत्री अनमोल गनन मान आज शादी के बंधन में बंध गईं। उनकी शादी शहबाज सिंह सोही के साथ जीरकपुर गुरुद्वारा नाभा साहिब में हुई। शहबाज सिंह एक वकील हैं। वह हाईकोर्ट में वकालत करते हैं। उनकी शादी की तस्वीरें भी सामने आई हैं। वे दोनों शादी के कपड़ों में खूबसूरत दिख रहे हैं। शहबाज सिंह शेरवानी पहने हैं। उन्होंने गुलाबी पगड़ी लगा रखी है। अनमोल गगन गुलाबी रंग के लहंगे में दिखीं। शादी समारोह में ज्यादा तड़क-भड़क देखने को नहीं मिला। आपको बता दें कि अनमोल गनन पंजाबी गायिका हैं। उनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय रहे हैं। अनमोल गगन मान का परिवार मूल रूप से मनसा जिले का रहने वाला है। वैसे, उनका ज्यादातर समय चंडीगढ़ और मोहाली में बीता है। उन्होंने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ से पूरी की है। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में कदम रखा। उन्होंने एक के बाद एक कई पंजाबी एल्बम में काम किया। अनमोल गगन मान ने राजनीति में कदम रखा और 2022 में पहली बार खरड़ से विधानसभा चुनाव जीता। चुनाव के दौरान उन्होंने अकाली दल के उम्मीदवार रणजीत सिंह गिल को हराया। आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनते ही उन्हें कैबिनेट मंत्री का पद दिया गया। वह पर्यटन विभाग संभाल रही हैं। अनमोल गगन मान ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान एक अभियान गीत भी बनाया था। अरविंद केजरीवाल खुद चुनाव प्रचार के लिए खरड़ आए थे और उन्होंने अनमोल गगन मान के लिए वोट भी मांगे। शहबाज बिजनेस परिवार से हैं। जब से आम आदमी पार्टी की पंजाब में सरकार बनी है, तब से कई मंत्रियों ने शादी की है। सबसे पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 7 जुलाई 2022 को डॉ। गुरप्रीत कौर से शादी की। उसके बाद पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने 25 मार्च 2023 को आईपीएस अधिकारी ज्योति यादव से शादी की। कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने भी 7 नवंबर 2023 को गुरवीन कौर से शादी की।

### रेस के दौरान बेकाबू ट्रैक्टर भीड़ में घुसा, कई दर्शक घायल

**फगवाड़ा, एजेंसी**



पंजाब के कपूरथला जिले में रविवार को ट्रैक्टर रेस के दौरान बड़ा हादसा हो गया। रेस के दौरान एक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और किनारे खड़े दर्शकों में घुस गया। घटना के फगवाड़ा क्षेत्र के डोमेल गांव की है। जानकारी के अनुसार, इस हादसे में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें जालंधर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और 4 लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। अच्छी बात रही कि इस हादसे में किसी की मौत नहीं हुई। वहीं, ट्रैक्टर रेस के दौरान हुए हादसे का दिल दहला देने वाला वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। डीएसपी फगवाड़ा ने मौके पर पहुंचकर तीन ट्रैक्टर जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि इस घटना में अभी और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। घटना में घायल हुए रतन सिंह ने बताया कि वह और उसका एक दोस्त साइड में खड़े होकर ट्रैक्टर रेस देख रहे थे। दो ट्रैक्टर चालक रेस लगा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दर्शकों की तरफ आने लगा। जब तक हम कुछ समझ पाते, ट्रैक्टर हमारे ऊपर चढ़ गया। रतन सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर का टायर उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे उसका पैर टूट गया। उसका दोस्त उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गया और परिजनों को मामले की जानकारी दी। इस घटना में उसका दोस्त अमित भी घायल है। फगवाड़ा के डीएसपी जसप्रीत सिंह ने कहा कि हमें ट्रैक्टर रेस के दौरान हादसे की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही पूरी भीड़ मौके से भाग गई। मौके से चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। तीन घायलों को फगवाड़ा और जालंधर के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। डीएसपी जसप्रीत सिंह ने कहा कि ट्रैक्टर रेस के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। रेस पूरी तरह से अवैध थी। इस घटना में ट्रैक्टर चला रहा व्यक्ति भी घायल हुआ है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर रेस को सरकार ने अवैध घोषित किया हुआ है, इसलिए ऐसा करना पूरी तरह से अवैध है। इस मामले में रेस आयोजित करने वाली कमेटी के सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर पोस्ट के बाद मची सनसनी

# क्राइम ब्रांच में तैनात दरोगा कर सकता है सीएम योगी की हत्या

**कानपुर, एजेंसी**



सीएम योगी आदित्यनाथ के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक सिरफिरे के किए गए आपत्तिजनक पोस्ट से हड़कंप मच गया। पोस्ट में लिखा कि कानपुर के क्राइम ब्रांच में तैनात एक दरोगा सीएम योगी की हत्या कर देगा। यह पोस्ट 'कुंवर राजपूत' नाम के अकाउंट से लिखा गया था। इस पोस्ट के बाद से पूरे पुलिस महकमे में सनसनी फैल गई। आनन-फानन में साइबर सेल की टीम ने पोस्ट की जांच शुरू की। पुलिस ने सीएम को लेकर इस तरह का आपत्तिजनक और धमकी भरा पोस्ट करने वाले आरोपी दीपक श्रीवास्तव को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, क्राइम ब्रांच की शॉर्ट टीम में तैनात दरोगा आरिफ ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि 12 जून की रात 10।22 से 10।27 बजे के बीच उनके पास अनजान नंबर से तीन बार कॉल आई थी।

कॉल करने वाले ने खुद को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट का दरोगा बताया और गालीगलौज की। इतना ही नहीं, उसने मजहब के नाम पर धमकाया और बदनाम करने की धमकी दी। कहा कि मैं सुबह तक तुम्हारी छवि धूमिल कर तुम्हें जेल भिजवा कर रहूंगा। मैं कुछ ऐसा लिखूंगा, जिससे पूरा शासन तुम्हारे खिलाफ हो जाएगा। वह तुम्हें जेल भेज देगा। कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (७) पर कुंवर राजपूत@दीपकएस 10080 नाम के अकाउंट पर आरिफ को लेकर पोस्ट की। जिसमें लिखा कि यह कानपुर में तैनात दरोगा मुख्यमंत्री योगी की हत्या कर देगा। इस पोस्ट के बाद कानपुर से लेकर लखनऊ तक पुलिस अफसरों के बीच हड़काम बच गया। दरोगा आरिफ ने इस पूरे मामले को लेकर साइबर थाने में कुंवर राजपूत के खिलाफ एफआईआर कराई, जिसके बाद पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। दो दिन की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने इस मामले में प्रयागराज से दीपक श्रीवास्तव नाम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे मामले में साइबर इंस्पेक्टर हरप्रीत सिंह ने बताया कि, पुलिस ने आरोपी दीपक श्रीवास्तव को सर्विलांस टीम की मदद से प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दीपक दसवीं तक पढ़ा है। वह मूलरूप से रीवा का रहने वाला है। प्रयागराज में वह मौसी के घर पर रहकर ड्राइवरी का काम करता है। पूछताछ में वह सिरफिरा निकला। उसने पूछताछ के दौरान भी कई भड़काऊ बातें कही हैं। आरोपी और दरोगा एक दूसरे को नहीं जानते हैं। उसने दरोगा को धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि, क्राइम ब्रांच की टीम के द्वारा एक दीपक श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा क्राइम ब्रांच में नियुक्त सब इंस्पेक्टर से गालीगलौज व उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसी व्यक्ति द्वारा उसके मोबाइल का स्क्रीनशॉट लगाकर एक्स पर पोस्ट किया गया। बताया कि, जांच के उपरांत उपरोक्त व्यक्ति को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने गंगा दशहरा पर लगायी डुबकी



**हरिद्वार, एजेंसी**

धर्मनगरी में आज गंगा दशहरा का पर्व धूम धाम से मानाया जा रहा है। देश दुनिया से भक्त हर की पैड़ी पर स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में जगतगुरु रामानंदाचार्य तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य महाराज भी हरिद्वार पहुंचे। रामभद्राचार्य महाराज ने अपने भक्तों के साथ आज सुबह गंगा दशहरे के दिन कनखल में राजघाट पर गंगा स्नान किया। इसके बाद उन्होंने गंगा के महत्व में विस्तार से जानकारी दी। बता दें आजकल स्वामी रामभद्राचार्य महाराज कनखल राजघाट में गंगा के तट पर श्री राम कथा कर रहे हैं। राम कथा के समापन के अवसर पर उन्होंने आज गंगा स्नान किया। इस दौरान स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि गंगा दशहरे के दिन गंगा जी हरिद्वार में आई थी। दशहरे के दिन गंगा में स्नान करने से पापों का नाश होता है। बता दें कि सुबह से ही आज श्रद्धालु मां गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने हरकी पैड़ी पर ब्रह्मकुंड और अन्य घाटों में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। श्रद्धालु का मानना है कि गंगा स्नान करने से सभी दुःख दूर होते हैं और पापों से मुक्ति मिलकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि आज के दिन गंगा स्नान मौन रहकर करना चाहिए, स्नान करने से व्यक्ति को दस प्रकार के दोष,चार प्रकार के शारीरिक,तीन प्रकार में मानसिक और तीन प्रकार के वाचिक अर्थात मुंह से बोलने वाले दोषों का शमन होता है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किये हुए हैं। हर की पैड़ी क्षेत्र में पुलिस की तैनाती की गई है। चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है।

## आईएमएफ पैकेज पर निर्भरता समाप्त करने को प्रतिबद्ध : शहबाज



**इस्लामाबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विदेशी सहायता और अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) राहत पैकेज पर पाकिस्तान की निर्भरता समाप्त करने और आर्थिक गतिविधियों में पड़ोसी देशों से आगे निकलने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने नकदी संकट से जूझ रही सरकार के खर्चों को कम करने और अर्थव्यवस्था को फिर खड़ा करने के लिए कई साहसिक सुधारों की रूपरेखा पेश की है। शरीफ ने शनिवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए उम्मीद जताई कि राहत पैकेज के लिए आईएमएफ के साथ अगला समझौता पाकिस्तान के इतिहास में आखिरी होगा। शरीफ अपनी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे। पाकिस्तान सरकार वर्तमान में आईएमएफ के साथ छह से आठ अरब डॉलर के कर्ज के लिए बातचीत कर रही है। पाकिस्तान धीमी गति से चल रही अर्थव्यवस्था में चूक को रोकने का प्रयास कर रहा है। शरीफ ने जोर देकर कहा कि हर पैसा देश और उसके लोगों की प्रगति पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने खर्च कम करने और पांच साल के भीतर युवाओं को शिक्षा और कौशल प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## पब्लिक टॉयलेट में लिखा महिला का मोबाइल नंबर, कोर्ट ने कहा-ये कृत्य माफी लायक नहीं

**बेंगलुरु, एजेंसी**



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने माना कि पब्लिक टॉयलेट में महिला का मोबाइल नंबर 'कॉल गर्ल' के रूप में लिखने से न केवल महिला की गरिमा गिरी, बल्कि मानसिक यातना भी हुई। कोर्ट ने इस प्रकार के आरोपी के खिलाफ मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। चित्रदुर्ग के रहने वाले अल्ला बक्शा पाटिल ने एक आवेदन दायर किया था। उसने बेंगलुरु में उप्पारापेट पुलिस द्वारा दर्ज मामले को रद्द करने और इसकी जांच करने की मांग की थी। मामले की सुनवाई करने वाली जस्टिस एम नागाप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने की। बेंच ने याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप पत्र को रद्द करने से इनकार कर दिया। बेंच ने कहा कि किसी महिला की निजता को उजागर करने से उसे व्यक्तिगत रूप से गंभीर मनोवैज्ञानिक नुकसान होता है। इससे एक महिला की आत्मा को भी ठेस पहुंचती है। इससे शारीरिक क्षति से ज्यादा पीड़ा होता है। किसी महिला के खिलाफ ऐसे कृत्यों में शामिल होने से एक दर्दनाक अनुभव होता है। बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा किया गया कृत्य एक महिला के बारे में अशोभनीय बातें लिखकर और जनता को फोन करके अश्लील बातें करने के लिए उकसाकर उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाता है। वर्तमान युग डिजिटल युग है। आजकल सोशल मीडिया पर अपमानजनक बयान, चित्र या वीडियो प्रसारित करके एक महिला की गरिमा से समझौता किया जा रहा है, इसलिए ऐसे मामलों में यदि आरोपी केस को रद्द करने की मांग करते हुए अदालत के समक्ष आता है, तो अदालत को हस्तक्षेप करने की कोई आवश्यकता नहीं है। बेंच ने कहा कि 'महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा सबसे अमानवीय कृत्य है। लेकिन मौजूदा मामले में महिला की निजता के अधिकार का अतिक्रमण किया गया है। इस तरह का कृत्य उचित नहीं है। इन मामलों पर सख्ती से निपटा जाना चाहिए। याचिकाकर्ता के आचरण से महिला को सार्वजनिक रूप से अपमानित होना पड़ा। इस तरह के आरोप से बचा नहीं जा सकता।' इसके अलावा पीठ ने आदेश में कहा कि जांचकर्ता किसी अन्य महिला से पूछताछ करने के लिए स्वतंत्र हैं जिसने पीड़िता के मोबाइल नंबर आरोपी को दिए थे। चित्रदुर्ग जिले की एक सरकारी कर्मचारी महिला के मोबाइल नंबर पर अप्रत्याशित समय पर गुमनाम लोगों से कॉल आने लगीं। उसे धमकी दी गई।

इन कॉल्स की जांच करने पर पता चला कि 'बेंगलुरु के मैजेस्टिक बस स्टैंड पर जेंट्स टॉयलेट की दीवारों पर लिखा था, 'कॉल गर्ल (बेलेवेनु), से संपर्क किया जा सकता है। इस संबंध में महिला ने चित्रदुर्ग के सीईएन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उसने साथ काम करने वाली एक महिला कर्मचारी पर संदेह जताया। चित्रदुर्ग पुलिस ने केस बेंगलुरु के उप्पारापेट पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर कर दिया। जहां शिकायतकर्ता काम कर रही थी, पुलिस ने उसकी जूनियर असिस्टेंट से पूछताछ की।

उसने कहा कि शिकायतकर्ता महिला मुझे परेशान कर रही थी। इसलिए मैंने सबक सिखाने के लिए अपने दोस्त (याचिकाकर्ता) को उसका मोबाइल नंबर दे दिया। मैंने उसे वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से चेतावनी देने के लिए कहा, लेकिन उसने टॉयलेट की दीवारों पर उसका मोबाइल नंबर लिख दिया। पुलिस ने याचिकाकर्ता के खिलाफ जांच कर रही थी। उसने ट्रायल कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। याचिकाकर्ता अल्ला बक्शा पाटिल ने इस पर सवाल उठाते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## मीडिया ने बात को तोड़ मरोड़ कर पेश किया : सुरेश गोपी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**



केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में अपनी टिप्पणी पर विवाद होने के बाद रविवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने दिवंगत नेता को देश में कांग्रेस पार्टी की जननी कहा था और मीडिया ने उनकी टिप्पणी की गलत व्याख्या की। अभिनेता से राजनेता बने गोपी ने कहा कि वह अपने दिल की भावनाओं के मुताबिक बात करने वाले व्यक्ति हैं और उनका दृढ़ विश्वास है कि इंदिरा गांधी के बारे में उन्होंने जो कुछ कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है। भाजपा नेता ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए संवाददाताओं से पूछा कि क्या वे के प्रासंगिक अर्थ को नहीं समझते हैं। सुरेश गोपी ने अपनी टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि मैंने क्या कहा, जहां तक कांग्रेस का सवाल है चाहे किसी को पसंद हो या नहीं के. करुणाकरण केरल में कांग्रेस पार्टी के पिता हैं। भारत में कांग्रेस पार्टी की मां इंदिरा गांधी हैं। मैंने यह बात दिल से कही है। हालांकि, केंद्रीय पेट्रोलियम और पर्यटन राज्य मंत्री ने रविवार को भी इंदिरा गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी देश की स्वतंत्रता के बाद और अपनी मृत्यु तक भारत की वास्तविक निर्माता हैं। मैं वैसे भी ये श्रेय उन्हें दूंगा ही। मैं उस व्यक्ति को सिर्फ इसलिए नहीं भूल सकता क्योंकि वह राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टी से थीं, जिन्होंने देश के लिए ईमानदारी से काम किया।सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। गोपी ने शनिवार को त्रिशूर में पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक ह्यह्यमुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ईके नयनार को अपना ह्यह्यराजनीतिक गुरु भी बताया। गोपी ने कहा कि वह इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया मानते हैं, जबकि करुणाकरण उनके लिए राज्य में कांग्रेस पार्टी के पिता थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि करुणाकरण को केरल में कांग्रेस का पिता बताना दक्षिणी राज्य की सबसे पुरानी पार्टी के संस्थापकों या सह संस्थापकों के प्रति कोई अनादर नहीं है। गोपी ने त्रिशूर लोकसभा सीट जीतकर केरल में भाजपा का खाता खोला है। इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय रहा जिसमें कांग्रेस, भाजपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर देखी गई।

## राहुल गांधी ने मोदी की छवि को तोड़ दिया : सीएम स्टालिन

**कोयंबटूर, एजेंसी**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निशाना साधा। कोयंबटूर में आयोजित डीएमके के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम स्टालिन ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में काफी प्रयासों के बावजूद भाजपा को केवल 240 सीटें मिलीं। यह मोदी की जीत नहीं, बल्कि मोदी की हार है। मोदी चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की वजह से पीएम हैं। अगर उन्होंने समर्थन नहीं किया होता तो मोदी को बहुमत कहां से मिलता? उन्होंने कहा कि अब भाजपा अपनी मर्जी से कुछ नहीं कर सकती। लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु की सभी सीटें जीतने पर आयोजित विजय सम्मेलन में इंडिया गठबंधन के नेता शामिल हुए। सीएम स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु में इंडिया की जीत कोई साधारण जीत नहीं है। यह ऐतिहासिक जीत है। यह उन सभी कार्यकर्ताओं और लोगों की जीत है, जिन्होंने हमारी सरकार पर भरोसा किया। सीएम स्टालिन ने कहा कि मुझे याद है कि पिछली बार मैं कोयंबटूर आया था। जब चुनाव प्रचार की बात आती है, तो जितनी अच्छी सभा होती है, उतनी ही अच्छी विजय सभा होती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सिर्फ एक मिठाई के डिब्बे से उस छवि को तोड़ दिया, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने 8 बार तमिलनाडु आकर बनाने की कोशिश की थी।

## मुख्यमंत्री ने इंदौर में 51 लाख पौधे लगाने के अभियान की शुरुआत की

**इंदौर, एजेंसी**



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर में अलग-अलग चरणों में 51 लाख पौधे लगाने के महत्वाकांक्षी अभियान की रविवार को शुरूआत की। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर पौधे लगाकर हरित आवरण में वृद्धि करना समय की मांग है। यादव ने अपने इंदौर के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की एक पौधा लगाकर औपचारिक शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आयोजित भव्य समारोह में कहा कि आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में 5.50 करोड़ पौधे लगाने की योजना बनाई गई है और यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि इनमें से 51 लाख पौधे अकेले इंदौर में लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के मौजूदा हालात के मद्देनजर बड़े पैमाने पर पौधरोपण करके हरित आवरण बढ़ाया जाना बेहद जरूरी है। यादव ने कहा कि विकास की अंधाधुंध दौड़ के कारण बढ़ते प्रदूषण से ओजोन परत को नुकसान हो रहा है। इस वजह से मनुष्यों के साथ ही प्रकृति का भी स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अपने इंदौर के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के वास्ते 10 करोड़ रुपये इंदौर नगर निगम के जरिये प्रदान किए जाएंगे और 10 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद वन विभाग मुहैया कराएगा। सूबे के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार और आम नागरिकों की भागीदारी से चलने वाले इस पौधारोपण अभियान की शुरुआत सात जुलाई से होगी और यह मुहिम 14 जुलाई को समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि इस आठ दिवसीय अभियान के दौरान कुल 51 लाख पौधे लगाए जाएंगे। अभियान के अंतिम दिन 14 जुलाई को 11 लाख पौधे लगाए जाएंगे। इस कारनामे को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने की कोशिश भी की जाएगी। मुख्यमंत्री यादव ने अपने इंदौर दौरे में स्थानीय सांसद शंकर लालवानी के सुझाए अभियान हेल्दी मध्यप्रदेश इनिशिएटिव की भी शुरुआत की। इस अभियान के तहत सूबे के लाखों युवाओं की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इससे पहले, यादव ने राज्य सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इंदौर के भंवरासला तालाब के विकास के लिए श्रमदान के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रदेश सरकार ने 3,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि मंजूर की है।

न्यूज फ्लैश

### 7000 रन पूरा करने वाली स्मृति मंधाना दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं




नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का पहला मैच बेंगलुरु एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीत और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत के लिए पारी की शुरुआत करने आईं सलामी बैटर स्मृति मंधाना ने धमाकेदार पारी खेली और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर इतिहास रच दिया है। स्मृति मंधाना भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर बन गईं हैं। उन्होंने भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद ये मुकाम हासिल किया है। मिताली के नाम टेस्ट, वनडे और टी-20 तीनों फॉर्मेट में मिलाकर 10 हजार से ज्यादा रन हैं। अब स्मृति भारत के लिए 7000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर बन गईं हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले स्मृति 7000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने से 58 रन दूर थीं। इस मैच में 58वां रन बनाते ही उन्होंने ये बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस मैच में स्मृति ने 61 गेंदों में 6 चौकों के साथ अपने अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने 116 गेंदों में 10 चौके और 1 छक्के के साथ अपना शतक पूरा किया। इस मैच में मंधाना ने 127 गेंदों में 12 चौके और 1 छक्के के साथ 117 रनों की पारी खेली। ये उनके वनडे करियर का 6वां शतक है। मंधाना के अलावा इस मैच में भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने भी 37 रनों का योगदान दिया। इन दोनों के अलावा बैटर बड़ा स्कोर नहीं बना पाया। अब तक भारतीय टीम ने 44 ओवर में 6 विकेट खोकर 220 रन बना लिए हैं। स्मृति ने 133 टी20 मैचों में 23 अर्धशतकों के साथ 3220 रन बनाए हैं। मंधाना 83 वनडे मैचों में 6 शतक और 26 अर्धशतकों के साथ अब तक 3335 रन बना चुके हैं। उनके नाम 6 टेस्ट मैचों में 1 शतक और 3 अर्धशतकों के साथ 480 रन दर्ज हैं।

### शुभमन गिल ने रोहित संग अनबन पर लगाया विराम

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय क्रिकेट टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 चरण में पहुंच चुकी है। भारत अब यूएसए से वेस्टइंडीज के लिए ट्रैवल करेगी। 20 जून को बारबाडोस में उसे अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर-8 का अपना पहला मैच खेलना है। इससे पहले खबरें सामने आई थी कि शुभमन गिल और कप्तान रोहित शर्मा के बीच अनबन चल रही हैं। गिल पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी खबरें थी। अब गिल ने एक पोस्ट के जरिए सभी अफवाहों पर पूर्णविराम लगा दिया है। शुभमन गिल ने सभी अटकलों के जवाब में एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है, जिसे उन्होंने एक विचित्र कैप्शन दिया है। गिल ने रोहित और उनकी बेटी समायरा के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट कर कप्तान के साथ मतभेद की अफवाहों को दूर कर दिया है। गिल ने अपने होटल के कमरे से कुछ तस्वीरें साझा कीं। जिस पर उन्होंने लिखा कि वह और सैमी (रोहित की बेटी समायरा) रोहित से अनुशासन की कला सीख रहे हैं। बता दें कि, गिल ने इस विचित्र कैप्शन का यूज उन लोगों पर कटाक्ष करने के लिए किया है जो उनके बारे में गलत सूचना फैला रहे थे। जाहिर है, कुछ खबरों में यह दावा किया गया था कि गिल को अनुशासनात्मक कार्रवाई के आधार पर टीम से बाहर किया जा रहा है। क्योंकि उन्होंने ट्रैवल रिजर्व होने की शर्तों का उल्लंघन किया था। शुभमन गिल टी20 वर्ल्ड कप के लिए ट्रैवल रिजर्व के तौर पर टीम इंडिया में शामिल थे। भारतीय टीम अब सुपर-8 और बाकी बचे मैचों के लिए वेस्टइंडीज की यात्रा करेगी। इससे पहले गिल और तेज गेंदबाज आवेश खान को टीम से रिलीज कर दिया गया है। ये दोनों अब वापस भारत लौट जाएंगे। इस खबर के सामने आने के कुछ ही देर बाद गिल ने कप्तान रोहित शर्मा को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया, जिससे दोनों के बीच अनबन की अटकलों को बल मिला। हालांकि, अफवाहों को बल मिलने से पहले, गिल ने सभी को चुप करने के लिए रोहित संग एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की।

### धोनी ने बिताए फार्म हाउस पर फुर्सत के पल

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों फुर्सत के पल बिता रहे हैं। इस समय धोनी रांची में स्थित अपने फार्म हाउस पर हैं, जहां से उनकी कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में धोनी का फाफी खुश नजर आ रहे हैं। इस दौरान धोनी के साथ उनके डॉग्स भी दिखाई दे रहे हैं, जिसे वो गार्डन में घुमाते हुए नजर आ रहे हैं। इससे पहले धोनी का एक पोस्ट और सामने आया था, जिसमें वो अपनी कार से रांची की सड़कों पर घूम रहे थे। इस दौरान उनका एक फैन उनसे मिलता है और वो धोनी के साथ सेल्फी भी लेता है। धोनी को चाहने वालों की संख्या देश और दुनिया भर में खूब देखने को मिलती है। उनकी लोकप्रियता लोगों के सिर चढ़कर बोलती है। फैंस धोनी को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए देखने के लिए काफी ज्यादा बेताब रहते हैं।

### द्रविड़ को कनाडा की साइन की हुई जर्सी तोहफे में मिली

नई दिल्ली

आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का ग्रुप स्टेज का सफर खत्म हो गया है। भारत को ग्रुप स्टेज का अपना अंतिम मैच कनाडा के साथ बीते शनिवार को खेलना था लेकिन मैच बारिश के चलते ग्राउंड खेलने लायक ना होने के बाद रद्द कर दिया गया था। ग्रुप स्टेज में भारत ने 3 मैच खेले और तीनों मैचों में जीत हासिल की थी। भारत ने पहले मैच में आयरलैंड को 8 विकेट से हराया। इसके बाद पाकिस्तान को 6 रनों से और होम टीम यूएसए को 7 विकेट से धूल चटाई थी। इस धामकेदार प्रदर्शन के बाद टीम ने सुपर-8 में जगह बनाई है। भारतीय टीम को सुपर-8 में पहुंचाने में टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ का बड़ा हाथ रहा है। राहुल ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ मिलकर रणनितियां बनाईं और उन्हें मैदान पर अमल में लाए, जिसकी बदौलत टीम इंडिया ने सुपर-8 में धमाकेदार एंट्री मारी। अब सुपर-8 में पहुंचने से पहले और ग्रुप स्टेज के समाप्त होने के बाद कोच राहुल द्रविड़ को एक बड़ा तोहफा मिला है। उन्हें ये तोहफा किसी और ने नहीं बल्कि कनाडा क्रिकेट टीम ने दिया है। दरअसल भारत और कनाडा के बीच मैच तो नहीं हो पाया लेकिन कनाड़ा के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने मिलकर राहुल द्रविड़ को सम्मान में कनाडा की साइन की हुई जर्सी तोहफे में दी।

# घरेलू एसी बाजार 2028-29 तक 50,000 करोड़ का होगा : वोल्टास

नयी दिल्ली, एजेंसी



भारत में घरेलू एयर कंडीशनर (रूम एसी) का बाजार वित्त वर्ष 2028-29 तक 12 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। टाटा समूह की कंपनी वोल्टास ने अपनी हालिया वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही है। एसी की अग्रणी कंपनी वोल्टास ने कहा कि घरेलू और अग्रणी विदेशी कंपनियों की उपस्थिति के कारण भारतीय घरेलू एसी बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। बढ़ती गर्मी, बढ़ती खर्च योग्य आमदनी तथा उपभोक्ता वित्त तक आसान पहुंच के साथ बेहतर जीवनशैली की चाह जैसे कारकों से घरेलू एसी खंड की वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है। वोल्टास ने कहा कि भारतीय घरेलू एसी बाजार के 2028-29 तक 12 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। वोल्टास ने 2023-24 में 20 लाख से अधिक एसी बेचे। कंपनी के अनुसार, यह किसी भी ब्रांड द्वारा एक वर्ष में बेची गई एसी की अबतक की सबसे अधिक संख्या थी। कंपनी ने कहा कि वोल्टास ने एक जनवरी, 2024 से 20 अप्रैल, 2024 तक मात्र 110 दिन की अवधि में 10 लाख एसी बेचे हैं। इस सत्र में कई कंपनियों की एसी बिक्री अप्रैल और मई में दोगुना से अधिक हो गई है। भीषण गर्मी के दौरान पारा 45 डिग्री के आसपास पहुंचने के बीच बिक्री में जबर्दस्त उछाल देखने को मिला है। घरेलू एसी के अलावा, वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग (सीएसी) में भी प्रतिस्पर्धा बढ़ने जा रही है। अब अग्रणी विदेशी कंपनियों ने इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है। इससे पहले, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण विनिमार्ता संघ ने कहा था कि इस साल उसे घरेलू एसी की रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद है, जिससे 2024 में वार्षिक बिक्री लगभग 1.4 करोड़ इकाई हो जाएगी।

### 'भारत में बैटरी सेल उत्पादन के लिए वैश्विक कंपनी से हाथ मिला सकता है महिंद्रा समूह'

नयी दिल्ली, एजेंसी

महिंद्रा समूह स्थानीय स्तर पर बैटरी सेल के उत्पादन के लिए वैश्विक कंपनियों के साथ भागीदारी की संभावना तलाश रहा है। भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बढ़ती मांग को पूरा करने को समूह ऐसा कर सकता है।

महिंद्रा समूह के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने यह जानकारी दी। शाह ने कहा कि कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक वाहन इकाई महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटो मोबाइल लिमिटेड (एमई एएल) की संभावित सूचीबद्धता के लिए 2030 की समयसीमा पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि एक क्षेत्र जिसपर हम अधिक बारीकी से गौर कर रहे हैं वह सेल विनिर्माण है और यह एक ऐसी चीज है जहां विभिन्न विचार हैं।

अगर हमें लगता है कि यह हमारे लिए जरूरी है, तो हम सेल विनिर्माण के लिए साझेदारी पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि हम एक वैश्विक प्रौद्योगिकी भागीदार और संभावित रूप से निजी इक्विटी भागीदारों पर भी गौर करेंगे क्योंकि हम पूरी पूंजी नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम इस पहल को अमलीजामा पहना पाते हैं, तो देश में बैटरी सेल का स्थानीय उत्पादन शुरू हो सकेगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या इसके लिए उत्पादन सुविधा भारत में बनेगी, शाह ने कहा कि हमारे लिए ऐसा करने का एकमात्र कारण स्वदेशीकरण करना है। इसलिए अगर हम उस रास्ते पर चलते हैं, तो यह भारत में ही होगा। एमईएएल को सूचीबद्ध करने की योजना पर शाह ने कहा कि यह कम से कम अगले तीन से पांच साल में नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक खंड को आगे बढ़ने के लिए समय चाहिए। शाह ने कहा कि इसके लिए हम संभवतः 2030 की समयसीमा पर विचार करेंगे।

### लवलीना ग्रांप्री मुक्केबाजी में रजत पदक जीता

नयी दिल्ली, एजेंसी

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैम्पियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। लवलीना ने कहा कि उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पेरिस ओलंपिक में मदद मिलेगी। खेल मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा एक्स पर पोस्ट वीडियो में इस 26 साल की मुक्केबाज ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेना मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा है। जहां तक मेरी तैयारी का सवाल है, ओलंपिक से पहले यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। इससे मुझे फायदा होगा। मैं भारतीय मुक्केबाजी महासंघ, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) और भारत सरकार का शुक्रिया करना चाहूंगी। मांडविया ने इस वीडियो के साथ लवलीना के प्रदर्शन की सराहना करते हुए लिखा कि ग्रांप्री 2024 में रजत पदक जीतने के लिए लवलीना को बधाई। उन्होंने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया। मुक्केबाजी रिंग में उनकी सफलता आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था। इन चार मुक्केबाजों के बीच राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबला आयोजित किया गया। लवलीना इस दौरान तीन मुकाबलों में से केवल एक जीत हासिल कर पाईं। असम की मुक्केबाज ने नगांबा और कियान से हारने से पहले रीड के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

## स्पेन ने क्रोएशिया पर जीत के साथ शुरू किया अभियान

बर्लिन, एजेंसी




अल्वारो मोराटा, फैबियन रुइज और डेनियल कार्वाजल ने पहले हाफ में एक-एक गोल किए, जिससे स्पेन ने शनिवार शाम को ग्रुप बी के मुकाबले में क्रोएशिया के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज करके अपने यूईएफए यूरो 2024 अभियान की शानदार शुरुआत की। यह दो टीमों के बीच एक कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद थी, जिन्होंने पहले भी अच्छा प्रदर्शन किया है। लगातार चौथे यूरो फाइनल में इन दोनों टीमों के आमने-सामने होने के बाद, ला रोजा ने अपने क्रूर और शानदार आक्रमण के साथ अपने परिचित प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ तीसरी बार जीत हासिल की। शुरुआती चरणों में दबदबा बनाने के बाद, पूर्व चैंपियन स्पेन ने 29वें मिनट में बढ़त हासिल की, जब फैबियन रुइज ने मोराटा को एक शानदार पास दिया, जिन्होंने बिना किसी गलती के अपने देश के लिए अपना सातवां यूरो फाइनल गोल किया, जिनमें से तीन गोल क्रोएशिया के खिलाफ आए। कुछ ही मिनटों बाद, फैबियन रुइज ने गोल करने वाले से गोलकीपर की भूमिका निभाई, बॉक्स में घुमा-फिराकर गोल करने से पहले निचले दाएं कोने में गोल करके स्पेन को पूरी तरह से नियंत्रण में ला दिया। क्रोएशिया ने उस तेज डबल का अच्छा जवाब दिया, जोस्को ग्वारडिओल ने उनाई साइमन और एंटे बुदिमिर की उंगलियों को छलनी कर दिया, जो रिबाउंड के अंत तक पहुंचने से मात्र कुछ सेंटीमीटर दूर थे। स्पेन के 16 वर्षीय विंगर लैमिन यामल ने यूरोपीय चैम्पियनशिप मैच में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। यह किशोर ही था जिसने हाफ-टाइम से ठीक पहले अपनी टीम के लिए तीसरा गोल बनाया, उसके शानदार क्रॉस को चैंपियंस लीग के फाइनल स्कोरर कार्वाजल ने लुइस डे ला फुएंते की टीम के शानदार पहले पीरियड में बदल दिया। यामल दूसरे हाफ की शुरुआत में फिर से एक्शन में था, लेकिन डोमिनिक लिवाकोविक के शानदार रिफ्लेक्स सेव ने उसे सबसे कम उम्र का यूरो स्कोरर बनने का सम्मान भी छीन लिया। क्रोएशिया को तब जीवनदान मिला जब रॉड्री ने मैच समाप्त होने से दस मिनट पहले स्थानापन्न ब्रूनो पेटकोविच को बॉक्स में गिरा दिया, लेकिन साइमन ने सही अनुमान लगाया कि वह अपने दाएं ओर गोता लगाकर फॉरवर्ड के प्रयास को रोक सकता है। क्रोएशिया अब 19 जून को अल्बानिया के खिलाफ फिर से खेलेगा जबकि स्पेन अगले दिन एक अन्य पूर्व चैंपियन इटली से भिड़ेगा।

## वर्ल्ड कप से बाहर होने पर पाक फैंस ने टीम को सुनाई खरी-खोटी

नई दिल्ली, एजेंसी



टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पाकिस्तानी टीम बाहर हो गई। इसके बाद से पाकिस्तानी प्रशंसक लगातार सोशल मीडिया पर अपनी निराशा व्यक्त कर रहे है। उनका कहना है कि पाकिस्तान की टीम बाहर हो गई है, तो अब वर्ल्ड कप देखने का कोई मतलब नहीं है। इसके अलावा, कई पाकिस्तानी प्रशंसकों ने बाबर आजम की कप्तानी पर भी सवाल उठाए। एक पाकिस्तानी प्रशंसक ने बताया कि हम वर्ल्ड कप में सिर्फ भारत के साथ पाकिस्तान का मैच देखना चाहते हैं। अब पाकिस्तान बाहर हो गया, तो हमारे लिए वर्ल्ड कप भी खत्म हो गया है। टी-20 वर्ल्ड कप से पाकिस्तान के बाहर होने पर एक अन्य पाकिस्तानी प्रशंसक ने बताया, 'पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन पूरी तरह से जीरो है। हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन बहुत बुरा रहा है, क्योंकि इसमें अब सियासी मुद्दे हावी हो रहे हैं। पाकिस्तान में एकजुटता का अभाव है। टीम में खेमेबाजी खूब हो रही है। बाबर आजम एक बेहतर खिलाड़ी हैं, लेकिन उनका भी अपना एक अलग गुट है, जिसकी वजह से यह टीम अब चल नहीं सकती है। मैं तो यही कहूंगा कि जब तक सियासत का हस्तक्षेप टीम से खत्म नहीं होगा, तब तक हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर नहीं हो सकता है। एक अन्य पाकिस्तानी प्रशंसक ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने हमें बहुत निराश किया है। उनका प्रदर्शन बेहतर नहीं है। हमारे खिलाड़ियों को सुधार की आवश्यकता है। जब तक यह लोग अपने आपको नहीं सुधारेंगे, तब तक हमें इसी तरह से निराशा हासिल होती रहेगी। गली-मोहल्ले की टीम भी इनसे अच्छा खेलती है। वहीं एक अन्य पाकिस्तानी प्रशंसक ने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारी टीम ऐसा प्रदर्शन करेगी। पाकिस्तानी टीम में लगातार खेमेबाजी हो रही है, जो किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। जब से हम पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन देख रहे हैं, हमें बहुत निराशा हो रही है। अब हमने एक भी मैच न देखने का फैसला किया है। बता दें कि आयरलैंड और अमेरिका के बीच मैच बारिश के चलते रद्द हो गया। अमेरिकी टीम ने इतिहास रचते हुए टी-20 विश्व कप के सुपर 8 में अपनी जगह बनाई। इसके साथ ही पाकिस्तान के सुपर-8 में पहुंचने की संभावना समाप्त हो गई।

### ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड में 2024 के अपने अंतिम ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही स्कॉटलैंड का टी20 वर्ल्ड कप का अभियान समाप्त हो गया और ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड ने सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इंग्लैंड की सुपर-8 के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद इसी मैच पर टिकी थी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 2 गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया। स्कॉटलैंड की तरफ से ब्रेंडन मैकुलेन ने 34 गेंदों में 60 रन की आतिशी पारी खेली जिसमें 6 छक्के और 2 चौके शामिल थे। इसके अलावा कप्तान बेरिंगटन ने 31 गेंदों में 42 रन बनाए। जॉर्ज मुनसे ने 23 गेंदों में 35 और मेथ्यू क्रॉस ने 11 गेंदों में 18 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की बात करें तो ग्लेन मैक्सवेल ने 2 और एडम जम्पा, नाथन एलिस और एस्टन एगर को 1-1 विकेट मिला। स्कॉटलैंड के 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। दूसरे ही ओवर में डेविड वार्नर 1 रन के स्कोर पर अपनवा विकेट खो बैठे। इसके अलावा कप्तान मिशेल मार्श ने 9 गेंदों में 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ग्लेन मैक्सवेल भी कुछ खास नहीं कर सके 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शानदार पारी खेलते हुए 68 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 4 छक्के और 5 चौके लगाए। इसके अलावा मार्कस स्टॉयनिस ने अपनी धुआंधार पारी के दम पर मैच को ऑस्ट्रेलिया के पाले में डाला। एक समय पर ऐसा लग रहा था कि स्कॉटलैंड यह मुकाबला जीत जाएगी लेकिन स्टॉयनिस के 29 गेंदों में 59 रन की बदौलत वह 2 गेंद शेष रहते मैच जीत गई।

### भारत को सुपर-8 में मिलेगी कड़ी चुनौती

## कठिन पिचों पर ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से होगी टक्कर

बारबाडोस, एजेंसी



टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर 8 स्टेज में प्रवेश करने वाली भारतीय टीम को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में उसे नई योजनाएं बनाने की जरूरत है, क्योंकि अब उसका समाना मजबूत विरोधियों से होने वाला है। न्यूयॉर्क की पिचों के बाद अब कैरिबियन मैदान की पिचों का जायजा लेना होगा। बारबाडोस, एंटीगुआ और सेंट लूसिया में होने वाले मैचों के साथ प्रत्येक मैदान पर अलग-अलग तहर की बाधाएं हैं जो टीम के अप्रोच और प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं। अब भारत के पास उछाल भरी पिचों से लेकर मुश्कल टर्नर विकेटों पर प्रदर्शन करने का दवाब होगा। भारतीय क्रिकेट टीम सुपर 8 की यात्रा वेस्टइंडीज में तीन अलग-अलग स्थानों को कवर करेगी, जिनमें कठिन चुनौतियां शामिल होंगी। भारत का सुपर-8 का कार्यक्रम तय है। टीम 19 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के साथ और 22 जून को एंटीगुआ में बांग्लादेश या नीदरलैंड के साथ और 24 जून को सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के साथ सेमीफाइनल खेलती हुई नजर आएगी। अगर टीम कम से कम दो मैच जीत जाती है तो वो सफलतापूर्वक 27 जून को गुयाना में होने वाले सेमीफाइनल में प्रवेश कर लेगी। केन्सिंगटन ओवल, बारबाडोस की पिच अपनी गति और उछाल के लिए जानी जाती है। इस पिच के अनुकूल भारतीय बल्लेबाजों को जल्दी से जल्दी बदलान होगा। यहां स्पिनरों को थोड़ी मदद मिल सकती है, बुमराह, सिराज, हार्दिक और अर्शदीप सिंह सहित तेज गेंदबाजों की भारतीय चौकड़ी फॉर्म में चल रहे अफगानिस्तान के खिलाफ परिस्थितियों का फायदा उठाने में महत्वपूर्ण होगी। ऐतिहासिक रूप से केंसिंग्टन ओवल तेज गेंदबाजों के अनुकूल रहा है, ऐसे में भारत के शीर्ष क्रम के लिए स्कोर करने के लिए सतर्क रहना होगा, लेकिन आक्रामक होना अनिवार्य हो गया है। एंटीगुआ की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल है। इस पिच पर बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन स्थिति होती है। यहां पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए भी चुनौती रहती है क्योंकि पिच पूरे मैच के दौरान एक जैसी रहती है। हालांकि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा स्पिनरों को मदद मिलती जाएगी। भारत के स्पिनर रवींद्र जडेजा और युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव रन फ्लो को नियंत्रित करने और बांग्लादेश/नीदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण विकेट लेने के लिए बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण होंगे। डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम, सेंट लूसियाः भाततीय टीम द्वारा सेंट लूसिया की पिच अब तक परखी नहीं गयी है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया पहले से ही इससे परिचित है, क्योंकि उसने यहां मैच खेले हैं। इस पिच को तेज गति और स्पिन दोनों के लिए जाना जाता है। यहां पर भारतीय ऑलराउंड की क्षमताओं का परीक्षण होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच सुपर 8 में भारतीय टीम की रणनिति और योजनाओं की असली परख यहां होगी। इस पिच पर ऑस्ट्रेलिया का अनुभव उन्हें थोड़ा फायदा दे सकता है, लेकिन भारत का गेंदबाजी आक्रमण और बल्लेबाजी की गहराई इसका मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार होगी। ग्रुप स्टेज में भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है, जिसमें आयरलैंड, पाकिस्तान और यूएसए के खिलाफ जीत शामिल है। हालांकि, विराट कोहली जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को फॉर्म हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा है। विराट कोहली का औसत सिर्फ 1।66 रन रहा है और वह एक बार भी दोहरे अंक के स्कोर तक नहीं पहुंच पाए हैं। टीम उनके अनुभव का कैरेबियाई परिस्थितियों में लाभ उठाना चाहेगी। उम्मीद है कि वह अपना आईपीएल फॉर्म फिर से हासिल कर लेंगे, जहां उन्होंने 150 की स्ट्राइक रेट के साथ 700 से अधिक रन बनाए थे। रोहित शर्मा एक अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। वो टीम को एक मजबूत शुरुआत देना चाहेंगे। ऋषभ पंत, शिवम दुबे और सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी वाले मध्य क्रम ने कठिन परिस्थितियों में शानदार खेल दिखाया है। पंत की मैच बचाने वाली पारियां और यादव का यूएसए के खिलाफ 50 रन की पारी बेहतरीन थी। बुमराह और अर्शदीप सिंह की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई भारत की ताकत रही है। अर्शदीप की गेंद को स्विंग करने की क्षमता और बुमराह की सटीकता भारत की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कुलदीप यादव और चहल जैसे स्पिनरों को शामिल करना रणनीतिक होगा, खासकर एंटीगुआ और गुयाना में, जहां स्पिन की महत्वपूर्ण भूमिका होने की उम्मीद है। सुपर 8 में अलग-अलग पिचों और मैच की स्थितियों के लिए आवश्यकता के हिसाब से प्रतिक्रिया देनी होती है। मैच स्थल और पिच के आधार पर रणनीति बदलनी होती है। ये भारत की क्षमता को टेस्ट करेगी। टीम ने ऐसे परिदृश्यों के लिए तैयारी की है। रोहित शर्मा ने टीम के बैटिंग ऑर्डर को मैच की हालात के हिसाब से इस्तेमाल करने और खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर जोर देने को महत्व दिया है ।बारबाडोस में ध्यान गति और उछाल को संभालने पर होगा, जबकि एंटीगुआ में रणनीति स्पिन का फायदा उठाने और मजबूत बल्लेबाजी प्रदर्शन को बनाए रखने की होगी। सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत लाइनअप के खिलाफ गति और स्पिन दोनों का लाभ उठाने पर नजर होगी।

वर्ष -60, रजिस्ट्रेशन संख्या : WB HIN/ 00780 **अखबार के स्वामी :** के के एम पब्लिशर के लिए **मुद्रक एवं प्रकाशक** राजीव नयनम द्वारा प्रकाशित तथा एल.एस. पब्लिकेशन प्रा. लि. 4 केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता-15 से मुद्रित और के के एम पब्लिशर, 7 मैंगोलेन (प्रथम तल), कोलकाता-700001 से प्रकाशित.
**संपादक** - अशोक पांडेय*, फोन - 033-48032897, मेल - sutrakaar.news @gmail.com